संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक


# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया ,सोमवार 6 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 194

**सुविचार**

**सफलता उसी को मिलती है जो मेहनत से डरता नहीं और असफलता से सीखता है।**



**6 अक्टूबर 1999 – अटल बिहारी वाजपेयी ने लगातार दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।**

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना मेट्रो का करेंगे शुभारंभ

## सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा मेट्रो का परिचालन

**पटना,** (हि.स.)। बिहार की राजधानी पटना के लोगों के लिए आखिरकार मेट्रो रेल का इंतजार खत्म होने जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे भूतनाथ से न्यू आईएसबीटी तक पहले फेज की मेट्रो के परिचालन का शुभारंभ करेंगे।

पटना में संचालित होने वाली यह मेट्रो 4.3 किलोमीटर के रूट पर चलेगी। यह तीन स्टेशनों आईएसबीटी, जीरो माइल और भूतनाथ रोड के बीच दौड़ेगी। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरएल) ने परिचालन की अंतिम तैयारी पूरी कर ली है।

उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे। उद्घाटन के लिए मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगाए गए हैं।



**तीन स्टेशनों तक चलेगी यह मेट्रो** : मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग पहले ही प्रायरिटी कॉरिडोर के तीन स्टेशनों पर मेट्रो के परिचालन को हरी झंडी दे चुके हैं। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने सिग्नलिंग सिस्टम, पटरियों की मजबूती, ट्रेन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी पहलुओं की गहन जांच की है। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद मेट्रो को परिचालन के लिए मंजूरी दी गई। शुरुआत में मेट्रो की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

**15 से 30 रुपये होगा किराया**

आईएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये होगा। वहीं न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रूपये निर्धारित किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये होगा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मेट्रो कोच में 360-डिग्री सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आपात स्थिति के लिए दो इमरजेंसी बटन और माइक्रोफोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। आपात स्थिति में बटन दबाने पर यात्री सीधे मेट्रो रेल के ड्राइवर से बात कर सकेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी कंट्रोल रूम में भेजी जाएगी। प्रत्येक कोच में कुल 138 सीटें हैं और उसमें 945 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं।

**मेट्रो के भूमिगत हिस्से के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे सीएम**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को ही बेली रोड पर मेट्रो के भूमिगत खंड के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। यह भूमिगत खंड मेट्रो परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शहर के व्यस्त इलाकों में मेट्रो के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉरिडोर वन के तहत कुल छह भूमिगत स्टेशनों के लिए 9.35 किमी की सुरंग की आधारशिला रखेंगे। इस कॉरिडोर में पटना जंक्शन से रुकनपुरा और मीठापुर तक 9.35 किमी लंबी सुरंग शामिल है, जिस पर कुल 2,565.80 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। इसका निर्माण कार्य अगले 42 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण के फेज वन में रुकनपुरा, राजा बाजार और चिड़ियाघर स्टेशन के साथ ही पाटलिपुत्र एलिवेटेड स्टेशन के बाद रुकनपुरा रैंप शामिल है, जिसकी कुल लागत 1,147.50 करोड़ रूपये है। वहीं, फेज दो में विकास भवन, विद्युत भवन और पटना जंक्शन स्टेशन के साथ विकास भवन से मीठापुर तक सुरंग का निर्माण भी शामिल है, जिसकी कुल लागत 1,148.3 करोड़ है। पटना मेट्रो की कुल लागत 13,925.5 करोड़ रुपये है, जिसमें जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआइसीए), केंद्र सरकार और बिहार सरकार का योगदान है। पटना मेट्रो के दो कॉरिडोर रेड लाइन (16.86 किमी) और ब्लू लाइन (14.56) में कुल 24 स्टेशन होंगे। पहले चरण का पूरा संचालन 2027 तक शुरू होने की संभावना है।

पहले चरण में आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ रोड तक मेट्रो चलेगी। फिलहाल इसका परिचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध होगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए प्रत्येक ट्रेन में 12-12 सीटें आरक्षित होंगी।

**बीएसएपी संभालेगी मेट्रो की सुरक्षा** : पटना मेट्रो की सुरक्षा बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस (बीएसएपी) के जवान संभालेंगे। बीएसएपी के जवान मेट्रो पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफार्म तक इनकी तैनाती होगी।--------------

# प्रधानमंत्री ने दार्जिलिंग हादसे पर जताया शोक, दिया हर संभव मदद का आश्वासन



**सिलीगुड़ी,** (हि.स.)।

**01: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल उत्तर बंगाल का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण करेंगी।**

--------------------------

**02: राज्य सरकार ने 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम बनाए और लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी।**

--------------------------

**मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल जाएंगी** : मुख्यमंत्री कल मुख्य सचिव के साथ उत्तर बंगाल जाएंगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर स्थिति की निगरानी की।

**24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम** : राज्य सरकार ने सभी जिलों में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम बनाए हैं। पर्यटकों से कहा गया है कि वे वहीं रहें और प्रशासन की सुरक्षित निकासी का इंतजार करें।

दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में लगातार भारी बारिश और भूस्खलन से तबाही मची है। एनडीआरएफ ने बताया कि अब तक 11 शव बरामद किए गए हैं और मृतकों की संख्या 17 तक पहुंच सकती है। सबसे अधिक नुकसान मिरिक और सुखियापोखरी क्षेत्रों में हुआ है। भारी बारिश से रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं और कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा या मार्ग बदलना पड़ा।

**प्रधानमंत्री का शोक** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुल हादसा और बाढ़ पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। केंद्र सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

**मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया** : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि उत्तर और दक्षिण बंगाल के कई इलाके भारी बारिश और नदियों के पानी से बाढ़ की चपेट में हैं। उन्होंने दिवंगतों के परिवारों को सहायता देने का भरोसा दिया। दो लोहे के पुल बह गए हैं और कई सड़कें टूट गई हैं।

# राजनाथ सिंह 9-10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर रहेंगे, तीन समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

## यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय चर्चा होगी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09-10 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के निमंत्रण पर हो रही है। इस दौरान तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो सूचना साझाकरण, समुद्री क्षेत्र और संयुक्त गतिविधियों में सहयोग को बढ़ाएंगे। राजनाथ सिंह अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और सिडनी में व्यावसायिक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।



**सैन्य एवं सांस्कृतिक संबंध** दुनिया के लंबी अवधि के संबंधों में उच्च स्तरीय दौरे, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समुद्री सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। भारतीय छात्रों की उपस्थिति, पर्यटन और खेल संबंध भी साझेदारी को मजबूत करते हैं।

**रणनीतिक साझेदारी के 5 वर्ष**

यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) के पांच वर्ष पूरे कर रहे हैं। 2014 के बाद यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा होगी।

### नेपाल में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 49 पहुंची, इलाम से 37 शव बरामद

--------------------

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में 4 और 5 अक्टूबर को लगातार भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 49 लोगों की मौत हुई है। भूस्खलन में 37 शव बरामद किए गए हैं, जबकि 11 लोग लापता हैं और 17 घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, पूर्वी नेपाल का इलाम जिला सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। सशस्त्र पुलिस बल ने बताया कि भूस्खलन के कारण इलाम में 11 लोग अब भी लापता हैं।

उदयपुर में बाढ़ और भूस्खलन से दो लोगों की मौत हुई और एक घायल हुआ। खोटांग में बिजली गिरने से एक की मौत और तीन घायल हुए। भोजपुर में बिजली गिरने से दो लोग घायल हुए। पंचथर में सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई और छह का इलाज जारी है। मधेस प्रांत में भी नुकसान हुआ; रौतहट में बिजली गिरने से तीन की मौत हुई और बारा में एक व्यक्ति नदी में बह गया। बागमती प्रांत में काठमांडू में एक घायल और ललितपुर के गोदावरी में दीवार गिरने से तीन लोग घायल हुए, जबकि मकवानपुर में बिजली गिरने से एक की मौत हुई।

### लोकसभा अध्यक्ष कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 5-12 अक्टूबर ब्रिजटाउन, बारबाडोस में 68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, सांसद अनुराग शर्मा और डॉ. डी. पुरंदेश्वरी शामिल हैं। ओम बिरला "डिजिटल परिवर्तन से लोकतंत्र को बढ़ावा" पर कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में आमसभा, सात कार्यशालाएँ और द्विपक्षीय वार्ता आयोजित होंगी।

# पीवीएल 2025 : बेंगलुरु टॉरपीडोज की शानदार वापसी, कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 3-1 से हराया

**हैदराबाद,** (हि.स.)। आरआर केबल प्राइम वॉलीबॉल लीग में बेंगलुरु टॉरपीडोज ने कोलकाता थंडरबोल्ट्स को 11-15, 15-13, 15-11, 15-11 से पराजित कर शानदार वापसी की। मुकाबला गाचीबौली इंडोर स्टेडियम में खेला गया। बेंगलुरु के जोएल बेंजामिन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कोलकाता के आश्वल राय और मतीन ताकावर की मजबूत शुरुआत से पहला सेट थंडरबोल्ट्स ने 15-11 से जीता। बेंगलुरु के कप्तान मैट वेस्ट ने सेटअप में बदलाव कर टीम को वापसी की राह दिखाई। दूसरे सेट में जेलन पेनरोज और सेतु के तालमेल ने टॉरपीडोज को बराबरी पर लाया। जोएल बेंजामिन की शक्तिशाली स्पाइक ने टीम को बढ़त दिलाई। तीसरे और चौथे सेट में बेंगलुरु का आत्मविश्वास बढ़ा। मजीब के शानदार ब्लॉक्स और पेनरोज की सुपर सर्व से टीम ने निर्णायक बढ़त बनाई। कोलकाता के पंकज शर्मा के नेतृत्व में संघर्ष जारी रहा, लेकिन बेंगलुरु की आक्रामक रणनीति के आगे थंडरबोल्ट्स को हार माननी पड़ी। इस जीत के साथ टॉरपीडोज ने सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज कर अंक तालिका में स्थिति मजबूत की।



# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल व सिक्किम आपदा पर जताया शोक

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दार्जिलिंग और उत्तर बंगाल सहित प्रभावित क्षेत्रों में कई लोगों की जान गई और एक पुल भी ढह गया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पीड़ितों को शीघ्र और पर्याप्त मुआवजा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से प्रभावित राज्यों को तुरंत राहत सहायता और एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें भेजने का आग्रह किया।



राहुल गांधी ने भी एक्स पर ट्वीट कर कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की प्रार्थना की। राहुल गांधी ने प्रशासन से राहत-बचाव कार्य तेज करने और केंद्र सरकार से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। दोनों नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रशासन का सहयोग कर प्रभावित लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाने का आग्रह किया।

### गाजा संघर्ष : जर्मन चांसलर ने मिस्र वार्ता में जल्द शांति समझौते की अपील की

**बर्लिन/गाजा,** (हि.स.)।

**01 :मर्ज ने गाजा से इजराइली बलों की वापसी और हमास के निरस्त्रीकरण पर शीघ्र समझौते की आवश्यकता जताई।**

---------------

**02 :गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 67,139 लोग मारे गए और 1,69,583 से अधिक घायल हुए हैं।**

---------------

जर्मनी के चांसलर फ्रीडरिख मर्ज ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत में मिस्र में चल रही शांति वार्ता को जल्द समझौते तक पहुँचाने का आग्रह किया। चांसलर ने कहा कि यह क्षेत्र में संघर्ष समाप्त करने का "बेहतर अवसर" है और उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना का स्पष्ट समर्थन किया। मर्ज ने गाजा से इजराइली बलों की वापसी को सही कदम बताया और वार्ता से युद्धविराम, बंधकों की रिहाई, मानवीय सहायता की पूर्ण पहुँच और हमास के निरस्त्रीकरण पर शीघ्र समझौते की उम्मीद जताई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 07 अक्टूबर 2023 से अब तक कम से कम 67,139 फिलिस्तीनी मारे गए और 1,69,583 से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकांश नागरिक, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

# दार्जिलिंग में आफत की बारिश, एक रात में 17 लोगों की मौत

**दार्जिलिंग,** (हि.स.)।

**01 : दूधिया पुल बहने से सिलिगुड़ी और मिरिक का संपर्क टूट गया, कई घर ध्वस्त।**

---------------

**02 : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को स्थिति का जायजा लेंगी, अवैध निर्माण आपदा का कारण बताया गया।**

---------------



उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग और आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में शनिवार रात से लगातार मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। भूस्खलन और नदी का उफान कई घरों को बहा ले गया, जिससे अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। दूधिया पुल का हिस्सा बह जाने से सिलिगुड़ी और मिरिक का संपर्क टूट गया। मिरिक में नौ, सुकियापोखरी में सात और बिजनबाड़ी में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दुर्गा पूजा के दौरान आए सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं, जबकि उड़ानें रद्द और कई मार्ग अवरुद्ध हैं। गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन ने प्रमुख पर्यटन स्थल बंद किए हैं और राहत शिविर बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को हालात का जायजा लेंगी। स्थानीय लोगों ने बालासन नदी से अवैध उत्खनन और निर्माण कार्यों को आपदा की भयावहता का कारण बताया। बाढ़ का खतरा कोसी, महानंदा और तोर्सा नदियों में भी बढ़ गया है।

# तमिलनाडु में हुई 10 करोड़ की डकैती का मप्र पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

## आरोपितों से लूट का सामान जब्त, नकदी और हथियार भी बरामद

**भोपाल/बड़वानी,** (हि.स.)। बड़वानी और तमिलनाडु पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 13 सितंबर 2025 को त्रिची में हुई 10 करोड़ रुपये की डकैती का खुलासा हुआ। सेंधवा एसडीओपी अजय वाघमारे के नेतृत्व में बड़वानी पुलिस ने एबी रोड पर यात्री बस की जांच में दो आरोपित मांगीलाल (22) और विक्रम (19) को गिरफ्तार किया।

**जब्त सामान और हथियार** अभियुक्तों के पास से लगभग 9.432 किलोग्राम सोना, 3,05,500 रुपये नकद, एक देसी पिस्टल, दो कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जब्त सोने में बिस्किट, चूड़ियां, अंगूठियां, ब्रेसलेट, हार और अन्य आभूषण शामिल हैं।



**आरोपितों का अपराध स्वीकार** पूछताछ में आरोपितों ने अन्य साथियों बनाराम, कैलाश, हनुमान, मनीष और सोहेल खान के साथ त्रिची के थाना समयपुरा में डकैती की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। फरियादी गुणावण्या से हथियार दिखाकर सोना लूटा गया था। पुलिस की तत्परता और समन्वय की इस सफलता की सराहना की गई।

# मुख्यमंत्री ने राजगीर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का किया उद्घाटन

## पवैलियन जी+5 मंजिला है और मैदान में 6 लाल मिट्टी और 7 काली मिट्टी की पिच तैयार की गई हैं

**पटना,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के राजगीर में नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पवैलियन और क्रिकेट ग्राउंड का औपचारिक लोकार्पण किया। लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के पवैलियन और मैदान का विस्तृत निरीक्षण किया। खिलाड़ी और उपस्थित जनता ने ताली और हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मैदान में व्यवस्थाओं के बारे में पूरी जानकारी ली और निर्माण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।।




**खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधाएँ** : स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें खिलाड़ियों के लिए विशेष पवैलियन, कोच और मैनेजर के लिए आरक्षित बैठक, वीवीआईपी स्टैंड, और मीडिया के लिए समर्पित गैलरी बनाई गई है। बीसीसीआई के मानकों के अनुरूप तैयार यह मैदान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए पूरी तरह सक्षम है। **खेल संस्कृति और पर्यटन में योगदान** : इस स्टेडियम से न केवल बिहार में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि राजगीर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने में भी मदद मिलेगी। भविष्य में यह मैदान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। **खेल अकादमी और खिलाड़ियों को सम्मान** : लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने राजगीर राज्य खेल अकादमी में आयोजित समारोह में 87 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के चयन पत्र और 812 खिलाड़ियों में करीब 8 करोड़ रुपये की खेल सम्मान राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में स्टेडियम निर्माण और राज्य में खेल संरचनाओं के विकास पर आधारित दो लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गईं। इस प्रकार राजगीर क्रिकेट स्टेडियम केवल खेल संरचना नहीं, बल्कि राज्य की खेल और पर्यटन दृष्टि के लिए एक नई दिशा और प्रतीक बनकर उभरा है।

**स्टेडियम का आधुनिक निर्माण और क्षमता** : राजगीर क्रिकेट स्टेडियम 18 एकड़ भूखण्ड में विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 40,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। पवैलियन का निर्माण जी+5 मंजिला ढांचे के रूप में किया गया है। मैदान में महाराष्ट्र की लाल मिट्टी से 6 पिच और मोकामा की काली मिट्टी से 7 पिच तैयार की गई हैं। इसके अलावा बारिश के मौसम में पानी निकासी के लिए उन्नत ड्रेनेज प्रणाली विकसित की गई है



**01**: आधुनिक सुविधाओं में खिलाड़ियों के लिए विशेष पवैलियन, कोच और मैनेजर के लिए बैठक, वीवीआईपी स्टैंड और मीडिया गैलरी शामिल हैं।

**02** : स्टेडियम बीसीसीआई मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी के लिए सक्षम है।

**03** : मुख्यमंत्री ने राज्य खेल अकादमी में 87 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का चयन पत्र और 812 खिलाड़ियों में करीब 8 करोड़ रुपये की खेल सम्मान राशि वितरित की।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा में 1,242 करोड़ की 48 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को नालंदा जिला के राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 1,242 करोड़ रुपये लागत की कुल 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इनमें प्रगति यात्रा के दौरान जिले के विकास के लिए घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। इन योजनाओं से जिले में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। उन्हें इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।



मुख्यमंत्री ने राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में ही आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। कार्यकम में उपस्थित लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर लोगों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि बढ़ाकर 400 रुपये से 1100 रुपये किया गया है। इसके अलावा गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये, आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7000 रुपये से बढ़ाकर 9000 हजार रुपये, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4000 रुपये से बढ़ाकर 4500 रुपये, विद्यालय रात्रि प्रहरी का मानदेय 5000 रुपये से बढ़ाकर 10000 रुपये, किसान सलाहकारों का मानदेय 13000 रुपये से बढ़ाकर 21000 रुपये तथा आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। इससे हम सभी लोग काफी खुश हैं।

# बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने राजग के तीन घटक दलों के नेताओं से की मुलाकात

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। दो दिन के दौरे पर पटना पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को राजग के तीन घटक दलों के नेताओं से मुलाकात की।



धर्मेंद्र प्रधान ने सबसे पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के घर मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। फिर राजग के घटक दल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मिलने उनके आवास गए। जहां करीब आधे घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल साथ रहे। दो बैठकों के बाद तीसरी बैठक राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के साथ उनके आवास पर हुई, जो करीब आधे घंटे तक चली। धर्मेंद्र प्रधान ने इस बैठक के दौरान राजग के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा की। जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक को शिष्टाचार मुलाकात बताया। सीट बंटवारे के सवाल पर उन्होने कहा कि राजग के सभी घटक दल साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे। वहीं, हम के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा सीट बंटवारे पर चर्चा हुई है। जल्द सीट को लेकर समझौते हो जाएगी। राजग में सबकुछ ठीक ठाक है।

उल्लेखनीय है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू 115 सीटों पर लड़कर 43 पर जीत हासिल कर पाई थी। भाजपा 110 सीटों पर लड़ी थी, और 74 पर उसे जीत मिली थी। इस बार राजग में चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के दल भी हैं।

# वोटर कार्ड अपडेट और बिहार चुनाव 2025

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं में यह सवाल उठा कि क्या नए वोटर कार्ड से ही मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं के डाटा में बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड मिलेगा, जबकि बाकी पुराने कार्ड का उपयोग जारी रख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिनके कार्ड में परिवर्तन होगा, उन्हें 15 दिनों के भीतर ई-पीक (वोटर कार्ड) मिल जाएगा।




पुराने कार्ड वाले और जिनके डाटा में कोई बदलाव नहीं है, वे उसी से मतदान कर सकते हैं। मतदान के लिए अन्य मान्य दस्तावेज़ भी जारी रहेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने आधार को वोटर सूची से जोड़ने पर हुए विवाद पर कहा कि नामांकन के लिए आधार अनिवार्य नहीं था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का नागरिक होना वोटर बनने की अनिवार्य शर्त है और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण जिले के 10 बीएलओ को भी किया सम्मानित

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में हाल ही में संपन्न हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सारण जिले के 10 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह पटना के होटल ताज में आयोजित किया गया, जहां राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और सम्मान चिह्न प्रदान किए गए।



**सारण जिले से सम्मानित होने वाले बीएलओ इस प्रकार हैं:**

राजकुमार राम – 113 एकमा विधानसभा, मतदान केंद्र संख्या 216

राजू कुमार प्रसाद – 115 बनियापुर, मतदान केंद्र संख्या 297

मसूदूल हसन अंसारी – 117 मढ़ौरा, मतदान केंद्र संख्या 258

कुमारी रीता – 116 तरैया, मतदान केंद्र संख्या 231

संतोष कुमार – 116 तरैया, मतदान केंद्र संख्या 180

प्रशांत कुमार – 114 मांझी, मतदान केंद्र संख्या 260

हेवन्ती देवी – 118 छपरा, मतदान केंद्र संख्या 302

हीना प्रवीण – 118 छपरा, मतदान केंद्र संख्या 258

संगीता कुमारी – 122 सोनपुर, मतदान केंद्र संख्या 146

निरजा – 122 सोनपुर, मतदान केंद्र संख्या 242

मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस मौके पर कहा कि बीएलओ लोकतंत्र की जड़ हैं, जिनके अथक परिश्रम से मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतनता सुनिश्चित होती है। सारण जिला प्रशासन ने भी इन सभी बीएलओ को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की है।

# मूसलाधार बारिश के 24 घंटे बीतने के बाद भी छपरा शहर के कई इलाके जलमग्न, आम जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**पटना,** (हि.स.)छपरा समेत आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश ने शहर की स्थिति पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी। तेज बारिश और गर्जन के कारण कई इलाकों में जलजमाव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई। मुख्य बाजारों, आवासीय क्षेत्रों और सरकारी कार्यालयों में पानी भर गया है, जिससे आम नागरिकों और दुकानदारों की समस्याएँ बढ़ गई हैं।



**प्रशासन की प्रतिक्रिया और राहत कार्य** : जिलाधिकारी अमन समीर ने बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 से संबंधित मतदान पदाधिकारी और कर्मियों के प्रशिक्षण को स्थगित कर दिया। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने, जलनिकासी को प्राथमिकता देने और बिजली व अन्य सुविधाओं को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने पंपिंग सेट, सफाई कर्मचारी और पुलिस बल को सक्रिय किया है, लेकिन कई इलाकों में टूटे पेड़ और बिजली के तार अभी भी समस्या बने हुए हैं।

छपरा में मूसलाधार बारिश ने शहर की स्थिति को गंभीर बना दिया है। प्रशासन और नागरिक मिलकर राहत कार्य में जुटे हैं, लेकिन शहर के सामान्य होने में अभी समय लगेगा। **मौसम विभाग की चेतावनी और भविष्य की तैयारियां** : मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी पहले ही जारी कर दी थी। प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में राहत कार्य और जलनिकासी को प्राथमिकता दी है। नागरिकों से सुरक्षित रहने, जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक प्रवेश न करने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

**बाजार और आवासीय क्षेत्रों पर प्रभाव** : बारिश के कारण शहर के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। कई दुकानें बंद हैं, जिससे दुकानदार आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। निचले इलाकों में रह रहे लोगों के घरों में पानी घुसने से उनका दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है। कई परिवारों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर शरण लेना पड़ा। नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष थोड़ी-सी बारिश में ही शहर डूब जाता है और नगर निगम कोई स्थायी समाधान नहीं निकालता।

**शहर में जलजमाव और सड़कें तालाब जैसी स्थिति में** : बारिश के कारण थाना चौक, नगर पालिका चौक, भगवान बाजार थाना रोड, बस अड्डा, नगर निगम कार्यालय और समाहरणालय परिसर में पानी भर गया। निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया और कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर निगम की नालियों की निकासी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। बारिश शुरू होते ही पानी सड़कों पर जमा हो गया और देखते-देखते पूरा शहर जलमग्न हो गया।

# लोकतंत्र के पर्व को उत्सव की तरह मनाएं, एक चरण में चुनाव कराने पर आयोग जल्द लेगा निर्णय : ज्ञानेश कुमार

**पटना,** (हि.स.)। बिहार की राजधानी पटना में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयोग के दल ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस और केंद्रीय बलों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन उन्होंने प्रेस वार्ता भी की। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को त्योहार की तरह मनाया जाए और लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव एक ही चरण में कराने का निर्णय जल्द लिया जाएगा।




**चुनाव में नई व्यवस्थाएं और सुरक्षा उपाय** : ज्ञानेश कुमार ने बताया कि हर मतदान केंद्र पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी और उम्मीदवार अपने बूथ 100 मीटर की दूरी पर लगा सकेंगे। चुनाव आयोग 17 नए प्रयोग बिहार चुनाव में लागू कर रहा है, जो बाद में पूरे देश में अपनाए जाएंगे। उन्होंने आधार का उपयोग केवल पहचान के लिए स्वीकार किया, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। साथ ही सभी राजनीतिक दलों से अपने एजेंट नियुक्त करने और खर्च सीमा के नियमों का पालन करने की बात कही।

**मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रियाएं** : मुख्य चुनाव आयुक्त ने 9,0217 बूथ लेवल अधिकारियों के योगदान की सराहना की और कहा कि ये पूरे देश के लिए आदर्श हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मॉक पोलिंग होगी और ईवीएम व वीवीपैट की गिनती का मिलान किया जाएगा। मतदाता सूची का पुनरीक्षण हर चुनाव से पहले आवश्यक है और इसके लिए बिहार के 243 ईआरओ ने मिलकर शुद्धिकरण किया। जिन्होंने अपनी नामांकन में त्रुटि पाई, वे जिलाधिकारी से अपील कर सकते हैं।

# सरकार ने स्नातक बेरोजगार युवाओं को 1000 रुपये प्रति माह देने की योजना का किया विस्तार, लाभान्वित होंगे युवा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के विस्तार से जिले के बेरोजगार छात्रों युवाओं कों की मिलेगा राहत**

बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना को अब स्नातक स्तर तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत इस योजना का उद्देश्य 20 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना पहले केवल 12वीं या समकक्ष उत्तीर्ण युवाओं के लिए लागू थी, लेकिन अब स्नातक (कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय) उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

**योजना के लाभ और पात्रता**

इस योजना के अंतर्गत 20 से 25 वर्ष की आयु वाले वे युवक और युवतियाँ, जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय या संस्थानों से स्नातक उत्तीर्ण हों और जिनका स्वरोजगार/सरकारी/निजी/गैर सरकारी नियोजन (अनुबंध/स्थायी/




अस्थायी) नहीं हुआ हो, या जो अभी अध्ययनरत नहीं हैं, वे लाभार्थी होंगे। पात्र युवाओं को रोजगार की तलाश के दौरान सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000/- रुपये की दर से अधिकतम दो वर्षों तक भत्ता मिलेगा।

**कौशल विकास और प्रशिक्षण**

योजना का लाभ लेने वाले स्नातक युवाओं को बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा रोजगार या स्वरोजगार के लिए क्षमतावर्धन हेतु निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं विभिन्न रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है।

**लक्ष्य और वित्तीय अनुमान**

इस योजना के तहत प्रति वर्ष लगभग पाँच लाख लाभार्थियों को स्वयं सहायता भत्ता देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अनुमानित व्यय प्रति वर्ष 600 करोड़ रुपये रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से प्रारंभ हुई इस योजना को वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक जारी रखा गया है।

**योजना का महत्व**

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना बिहार सरकार के "आर्थिक हल, युवाओं का बल" कार्यक्रम का हिस्सा है। योजना का उद्देश्य युवाओं को रोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करना और आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से उन स्नातक युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है जो शिक्षा पूरी कर चुके हैं, लेकिन रोजगार नहीं पा सके हैं

1 **योजना का विस्तार**: मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अब 12वीं उत्तीर्ण युवाओं के साथ स्नातक (कला, विज्ञान, वाणिज्य) उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं के लिए भी लागू होगी।

2 **पात्रता**: 20–25 वर्ष के बेरोजगार युवक/युवतियाँ, जो स्नातक हैं, रोजगार या अध्ययन में नहीं हैं। भत्ते की राशिः पात्र युवाओं को 1000/- रुपये प्रति माह के हिसाब से अधिकतम 2 वर्ष तक भत्ता दिया जाएगा।

3 **कौशल विकास**: भत्ता लेने वाले युवाओं को निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। लाभार्थियों का लक्ष्यः प्रति वर्ष 5 लाख युवाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

4 **वित्तीय अनुमान**: इस योजना पर कुल 600 करोड़ रुपये प्रति वर्ष खर्च अनुमानित है।

# समापन : पूर्णिया विधान सभा में भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता के संगठन सशक्तिकरण यात्रा का भव्य समापन,

## जन संवाद :नतन गप्ता ने यात्रा के दौरान सरकार के विकास और जनकल्याण योजनाओं कों लेकर किया जन संवाद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बियारपुर पंचायत के बियारपुर में रविवार को संगठन सशक्तिकरण यात्रा का भव्य समापन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। इस समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नूतन गुप्ता का अभिनंदन स्वागत पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर किया। इस सम्बन्ध में जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने बताया कि यह यात्रा उन्होंने 27 जुलाई को शुरू की थी और करीब ढाई महीने में उन्होंने प्रतिदिन लगभग एक हजार मतदाताओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान लगभग 80 हजार मतदाताओं के बीच पार्टी और सरकार की नीतियों को लेकर अपनत्व और विश्वास का रिश्ता मजबूत हुआ।






### स्वाभिमान सभाओं और जनसंपर्क के माध्यम से जन जन तक पहुंचाई सरकार की योजनाएं : नूतन गुप्ता

भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण यात्रा के तहत उन्होंने स्वाभिमान सभाओं, सघन जनसंपर्क अभियान और डोर-टू-डोर कार्यक्रमों के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों तक पार्टी के विचार और एनडीए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचाई। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान कराने के लिए संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में लगभग तीन दर्जन स्वाभिमान सभाओं में हिस्सा लिया गया। इस पहल से न केवल पार्टी और सरकार की नीतियों की जागरूकता बढ़ी, बल्कि कार्यकर्ता स्वयं भी संगठन और समाज के प्रति नई जिम्मेदारी का अनुभव कर सके।

**युवा और महिलाओं के लिए नई योजनाओं पर जोर**

नूतन गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर स्थापित नई स्किल यूनिवर्सिटी युवाओं को आधुनिक कौशल शिक्षा प्रदान करेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं के लिए उद्यमशीलता योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें 10,000 से लेकर 2 लाख रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांग, वृद्धा और विधवा पेंशन में वृद्धि के साथ 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली और एलईडी लाइट की सुविधा प्रदान की जा रही है। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और एनडीए की जीत पर विश्वास

नूतन गुप्ता ने विधानसभा चुनाव के संबंध में कहा कि आचार संहिता जल्द लागू होने वाली है। उन्होंने भरोसा जताया कि एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की नीतियां केवल वोट बैंक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का दर्शन है।

**सेवा और जिम्मेदारी निभाने का संकल्प कों दोहराया**

इस भव्य समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के अंत में नूतन गुप्ता ने यह कहा कि इस यात्रा से उन्हें मतदाताओं के सुख-दुख का अनुभव हुआ और उन्होंने अपने परिवारजनों के प्रति अपनी सेवा और जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी उपस्थिति हमेशा उनके साथ रहेगी और उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा।

## प्रधानाध्यापक के असामयिक निधन से शोक की लहर दौड़ी,सचिव ने आर्थिक सहायता किया प्रदान



फोटो परिचय - आर्थिक मदद करते सचिव अवधेश साह

**न्यूज स्केल बनमनखी**

बनमनखी के आनंदी जानकी महिला महाविद्यालय में कार्यरत समाजशास्त्र विभाग के व्याख्याता प्रोफेसर शंभू प्रसाद यादव का असामयिक निधन निधन से शोक की लहर दौड़ गई. प्रोफेसर यादव कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे. महाविद्यालय सचिव अवधेश कुमार साह एवं प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र राय मृतक के पैतृक आवास भंगहा पहुंचकर मृतक के परिवारों को शोक संवेदना व्यक्त किया. साथ ही सचिव अवधेश कुमार साह ने मृतक के परिवार को 50000 रुपए की आर्थिक मदद किया. साथ ही मृतक के पुत्र को आनंदी जानकी महिला महाविद्यालय नौकरी देने की भी घोषणा किया. प्रोफेसर महेंद्र राय ने बताया कि प्रोफेसर शंभू प्रसाद यादव मृदु भाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे उनके निधन से महाविद्यालय को अपूर्णीय क्षति हुई है. मौके पर चांदपुर भंगहा पंचायत के कृष्ण देव यादव पूर्व प्राचार्य एलपीएम कॉलेज, उमेश प्रसाद यादव सेवानिवृत राजस्व कर्मचारी ,मनोज यादव राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव ,आलोक कुमार यादव पैक्स अध्यक्ष के साथ ही साथ सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे.

# त्यौहार की तैयारी : दशहरा बीतते ही दीपावली की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, कुम्हारों के चाक पर दौड़ने लगी मिट्टी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

दशहरा उत्सव की भव्यता समाप्त होते ही शहर और कस्बों में दीपावली की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। घरों की सफाई, रंग-रोगन और सजावट का काम तेजी से चल रहा है। दीपावली का पर्व न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह व्यापारियों और कुम्हारों के लिए भी खास अवसर लेकर आता है। इसी क्रम में मिट्टी के दीपों की खरीददारी और उनके उत्पादन में तेजी देखने को मिल रही है। कुम्हारों ने चाक की रफ्तार तेज कर दी है और बाजारों में दीपों की उपलब्धता बढ़ाने में जुट गए हैं।

हर घर को दीपों और रौशनी से सजाने की परंपरा के चलते बाजारों में मिट्टी के हाथों से बने दीपों की डिमांड बढ़ जाती है। मिट्टी को आकार देकर, उसे पका कर तैयार किए जाने वाले



ये दीप हर उम्र के लोगों को आकर्षित करते हैं। छोटे-छोटे दीयों से लेकर बड़े डिज़ाइनर दीपों तक हर प्रकार के दीप बाजार में मौजूद हैं। कुम्हारों का कहना है कि दीपावली से पहले यह उनका सबसे व्यस्त समय होता है और इस दौरान उनकी आय का मुख्य स्रोत इन्हीं दीयों की बिक्री होती है।

हालांकि बदलते समय और महंगाई के कारण मिट्टी की कीमतों में इजाफा हुआ है, जिससे हाथ से बने दीपों की लागत बढ़ गई है। मिट्टी के कच्चे माल, रंग और अन्य सामग्री की कीमतों में वृद्धि ने तैयार दीपों के दामों को प्रभावित किया है। इसके बावजूद, ग्राहक अब भी हाथ से बने दीपों को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि इसमें पारंपरिकता और शिल्प कौशल की झलक साफ नजर आती है। इसी बीच बाजार में आधुनिक तकनीक का असर भी दिखने लगा है। अब ऑटोमेटिक मशीनों के माध्यम से डिजाइनर दीपों का उत्पादन होने लगा है। ये दीप आकर्षक डिज़ाइन और कम लागत में उपलब्ध हैं, जिससे उनकी मांग में तेजी आई है। मशीन से बने दीपों की खूबी यह है कि इन्हें बड़ी संख्या में तैयार किया जा सकता है और ये डिजाइन और रंगों में विविधता प्रदान करते हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक अब पारंपरिक और मशीन से बने दीपों दोनों का मिश्रण खरीदते हैं, ताकि सजावट में भव्यता और आकर्षण दोनों बनाए रखा जा सके।

जानकारों का मानना है कि दीपावली की तैयारियां केवल व्यापार के लिहाज से ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक शिल्प को जीवित रखने का भी अवसर है। कुम्हारों का यह शिल्प पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता आ रहा है और इस पर्व के माध्यम से इसे और प्रोत्साहन मिलता है।इस तरह, दशहरे के बाद से ही दीपावली की रौनक हर बाजार और घर में दिखाई देने लगी है। चाहे वह हाथ से बने पारंपरिक दीप हों या मशीन द्वारा तैयार डिजाइनर दीप, दीपावली की रोशनी हर घर में उत्साह और खुशी का संदेश लेकर आ रही है।

# रानीपतरा में एग्रीनेशन देहात डॉट कॉम शॉप का उद्घाटन, किसानों को मिलेगी ए टू जेड सुविधा

**न्यूज स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड के रानीपतरा स्थित शिवानंद वाटिका में शनिवार को एग्रीनेशन के बैनर तले आधुनिक देहात डॉट कॉम शॉप का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पार्षद राजीव सिंह, देहात डॉट कॉम के जीएम रंजन पांडे, मो. रमजान, आरबीएम कोसी रवि रतन, एग्रीनेशन के संचालक अंकित कुमार, देहात फाइनेंस के एरिया मैनेजर कोसी विश्वजीत सिंह एवं प्रसून सिंह और एमडीसी सीनियर फील्ड मैनेजर सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित



किसानों को संबोधित करते हुए एग्रीनेशन के संचालक अंकित कुमार ने कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए हर सुविधा का एकमात्र समाधान होगा। यहां गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मिट्टी जांच, वैज्ञानिक सलाह समेत खेती-किसानी से जुड़े ए टू जेड सामान उपलब्ध रहेंगे। साथ ही पूंजी की कमी से जूझ रहे किसानों को कंपनी की ओर से 10 से 20 हजार रुपये तक का आसान लोन भी छह किस्तों में उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर जिला पार्षद राजीव सिंह ने कहा कि रानीपतरा का इलाका किसानों का गढ़ माना जाता है। ऐसे में यहां इस प्रकार की आधुनिक शॉप किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि एग्रीनेशन द्वारा लगातार खोले जा रहे कृषि शोरूम से क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। गुणवत्तापूर्ण खेती और दोगुना लाभ की दिशा में यह पहल मील का पत्थर साबित होगी।उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य और किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एग्रीनेशन के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस पहल से कृषि विकास की नई राह खुलेगी।

## चंपानगर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

चंपानगर थाना पुलिस ने एक चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो0 दुरुल, पुत्र मो0 मोजीब, निवासी खुट्टी हसैली, थाना श्रीनगर, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, चोरी की गई मोटरसाइकिल की



सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। छानबीन और गहन निगरानी के दौरान अभियुक्त को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई वाहन बरामद कर ली है।

चंपानगर थाना के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे की अग्रिम जांच जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वह संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके।

## चोरी के सामान के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**न्यूज स्केल**



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सहायक खजांची थाना पुलिस ने चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक इलेक्ट्रॉनिक पानी का मोटर, एक एलईडी लाइट और लगभग 15 मीटर तार बरामद किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मो. शाहिद (उम्र 24 वर्ष), पिता मो. इश्ताक, निवासी सिपाही टोला, वार्ड संख्या 06, थाना के.हाट, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चोरी किए गए सामानों की बरामदगी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## धमदाहा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचालन कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा धमदाहा मंडल में विशेष पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शोषण के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत धमदाहा के सार्वजनिक नेहरू चौक शिव मंदिर से हुई। संघ के कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा के दौरान भारत माता की जय के उद्घोष के साथ मार्गदर्शन करते हुए नगर भ्रमण किया। पथ संचालन धमदाहा पेट्रोल पंप, मुख्य बाजार और आंचल प्रखंड कार्यालय होते हुए पुनः



शिव मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। इस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में शामिल सभी स्वयंसेवक संगठित और अनुशासित रूप में चलते हुए अपने निर्धारित मार्ग का पालन कर रहे थे। संघ के पदयात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति और सामूहिक संगठन शक्ति को प्रोत्साहित करना बताया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी कार्यक्रम में रुचि दिखाई और स्वयंसेवकों के उत्साहवर्धन में भाग लिया।

# खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद,कड़ी सुरक्षा के बीच लगाया जा रहा है हाइट गेज

## रविवार कों डीएसपी यातायात और पुलिस बल की मौजूदगी में देर शाम तक रेल ओवर ब्रिज के दोनों तरफ लगाया गया हाइट गेज

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**
-----------------------------

पूर्णिया पुलिस और जिला प्रशासन ने रविवार को खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के परिचालन को पूरी तरह से बंद कर दिया। रविवार कों सुबह से ही पुलिस के जवान तैनाद कर दिये गये थे और भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी !

गौरतलब है कि रेलवे प्राधिकरण, सड़क निर्माण विभाग और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (BRPNNL) के संयुक्त निरीक्षण के बाद यह निर्णय लिया गया। पुल की संरचना पर अत्यधिक भार पड़ने से संभावित क्षति हो सकती है इसके मद्देनजर प्रशासन ने पुल की सुरक्षा और किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न ना हो इसे लेकर तुरंत सुरक्षा के कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया और सूचना जारी की हैं।

**हाइट गेज और निगरानी व्यवस्था**

प्रशासन ने पुल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुल के दोनों तरफ हाइट गेज लगाने का काम शुरू कर दिया हैं। इस उपाय से भारी वाहनों के प्रवेश को रोका जाएगा। रविवार कों देर शाम तक हाइट गेज लगाने का कम जारी था ! इस दौरान मौके पर यातायात पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी, विशेष रूप से डीएसपी

भारी वहानों के आवागामान पर प्रतिबन्ध कों लागू करने के लिये होती रही निगरानी, तैनाद रहे पुलिस के जवान



यातायात मौजूद थे, और पुलिस बल द्वारा पुल पर हल्के वाहनों का आवागमन नियंत्रित किया जा रहा था !

**सख्त कार्रवाई का ऐलान**

पुलिस ने कहा है कि सड़क नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नियमों की अवहेलना पर चालान और वाहन जब्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुल पर सुरक्षा उपायों के तहत हल्के वाहन ही चल सकेंगे, जबकि भारी वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक लगी रहेगी।

वाहन चालकों एवं आन

**जनता से अपील**

प्रशासन और पुलिस ने आम नागरिकों तथा वाहन चालकों से यह अपील की है कि जारी निर्देशों का पालन करें और पुल पर भारी वाहन लेकर नहीं जाए, अपील में यह भी बताया गया है कि यह प्रतिबंध तब तक प्रभावी रहेगा जब तक रेलवे और निर्माण विभाग स्थायी रुप से तकनीकी समाधान पेश नहीं करते है ।

**भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग**

जिला प्रशासन ने भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की है ताकि आवागमन प्रभावित न हो। निर्धारित वैकल्पिक मार्ग इस प्रकार है:

जीरो माइल बेलौरी चौक नेवालाल चौक मरंगा बाइपास कटिहार मोड़ / लाइन बाजार / आर०एन० साह चौक।

यह मार्ग दोनों दिशाओं में भारी वाहनों के लिए खुला रहेगा। प्रशासन ने वाहन चालकों और परिवहन व्यवसायियों से आग्रह किया है कि वे वैकल्पिक मार्ग का पालन करें और पुल पर भारी वाहन न भेजें।

**पुल की सुरक्षा और भविष्य की योजना**

खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज वर्ष 2009-10 में IRCON द्वारा निर्मित किया गया था। विशेषज्ञों ने बताया कि पुल पर अत्यधिक भार पड़ने से संरचना को नुकसान पहुंचने की संभावना है। इसीलिए प्रशासन ने पुल को गंभीर क्षति से बचाने और दुर्घटनाओं की संभावना कम करने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं।

प्रशासन ने बताया कि पुल की तकनीकी जाँच और स्थायी समाधान पर काम जारी है। पुल पर सुरक्षा उपाय और हाइट गेज लगने के बाद भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि सुरक्षा और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें।

**नागरिकों और परिवहन व्यवसायियों के लिए संदेश**

पूर्णिया पुलिस ने सभी वाहन चालकों, परिवहन व्यवसायियों और आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और पुल पर भारी वाहन न भेजें। यह कदम पुल की सुरक्षा और लंबे समय तक आम लोगों के सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक है।

पुल पर निगरानी और हाइट गेज लगाने के बाद प्रशासन का मानना है कि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम होगी और पुल की संरचना सुरक्षित रहेगी।

# स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती पर विधायक जनसंपर्क कार्यालय में नगर भाजपा मंडल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**
-------------------



स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र जी की जयंती पर विधायक जनसंपर्क कार्यालय गुलाबबाग में नगर भाजपा मंडल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैलाशपति मिश्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सदर विधायक विजय कुमार खेमका ने कहा श्रधेय कैलाशपति मिश्र जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित किया।जनता पार्टी के समय में बनी सरकार में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वे संगठन के सशक्त निर्माता और भाजपा के विस्तार में अग्रणी रहे। उनका जीवन हमें राष्ट्र सेवा, संगठन निष्ठा और जनकल्याण का संदेश देता है। विधायक ने आगे कहा हम सबों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को और मजबूत बनाना है तथा आगामी चुनाव में पूर्णिया में पुनः कमल खिलाने के पक्ष में अधिक से अधिक मत प्राप्त करने के लिए जनता के बीच संपर्क अभियान को और गति देनी है।विधायक ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। बैठक में जिला भाजपा नेता अरुण राय पुलक एवं संजय मिश्रा ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों तथा चुनाव में बूथ पर करणीय कार्य पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर नगर पूरब मंडल अध्यक्ष पवन साहनी, रुपेश शर्मा, पप्पू कामती, जितेंद्र मंडल, संजय सिंह, अमित बबलू, मुकेश मिश्रा, प्रमोद केसरी, दिनेश महलदार, जय किशन साह, अविनाश यादव, आशा सिंह, पुष्पा राय, टुंपा बरई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# कसबा में भाजपा नगर समिति की बैठक आयोजित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**
-------------------



स्थानीय मोदो साह महिला कालेज कसबा में भाजपा नगर समिति की बैठक आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर भाजपा अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उर्फ बमबम ने किया।बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद थे और बूथ को जीतने का गूर सबों को सिखाया गया।मंच का संचालन नगर भाजपा महामंत्री अनिल कुमार चौरसिया ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री अरूण पुलक, जिला मंत्री संजय कुमार मिर्धा,नगर मंडल प्रभारी अर्चना साह, विधानसभा प्रभारी ज्ञानेंद्र शेखर,कसबा भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उर्फ बमबम, महामंत्री सुरेश कुमार साह, जिला कार्यकारणी सदस्य संजय कुमार साह,मुकेश आर्य ,कार्यकारिणी सदस्य पारस नाथ साह, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष सीमा मांझी, कैलाश चंद्र साह, पूर्व महामंत्री सुशील ठाकुर, पूर्व उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद साह, शक्ति केंद्र अध्यक्ष जितेंद्र विश्वास,आई टी सेल संयोजक विष्णुदेव आर्यन आदि मौजूद थे। बैठक में घर घर भाजपा कार्यकर्ताओं से संपर्क अभियान पर चर्चा किया गया।

बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की अहम भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई।

# चार सूत्री मांग को लेकर सेविका, सहायिका की बैठक आयोजित

**न्यूज स्केल बनमनखी**
-------------------



आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर सिकलीगढ़ धरहरा स्थित भक्त प्रह्लाद स्तंभ परिसर में एक अहम बैठक आयोजित किया गया.

बिहार राज्य आंगनवाड़ी संघ के महासचिव रमेश यादव के नेतृत्व बैठक आयोजित हुई.बिहार राज्य आंगनवाड़ी के प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष अस्वस्थ होने के कारण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं महासभा के अध्यक्ष भी अस्वस्थ होने के कारण का हवाला देते हुए सेविका , सहायिका ने दोनों कमिटी को भंग किया.अगले आदेश तक सेविका, सहायिका ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का प्रभार रमेश यादव दिया गया.बैठक में तकरीबन 150 सेविका ने भाग लिया.

वर्तमान अध्यक्ष रमेश यादव ने मीडिया को बताया कि भक्त प्रह्लाद स्तंभ परिसर में सेविका सहायिका ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर बैठक आयोजित हुई थी कई बार हमलोगों ने अपनी मांगों को लेकर वरीय पदाधिकारी को आवेदन दिया है लेकिन हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है हमारी चार मुख्य मांगे हैं - सरकार द्वारा गैस सिलेंडर तो मिला परन्तु 6 माह से गैस नहीं दिया गया है जिस कारण पोषाहार बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए कठिनाइयों को देखते हुए गैस दिया जाए.

- बिना एफआरएस का कोई काम नहीं होता है सरकार की ओर से अब तक मोबाइल उपलब्ध नहीं कराया गया है इतना ही नहीं मोबाइल रिचार्ज का रुपया तक नहीं दिया जा रहा है हमलोगों को नया मोबाइल फोन और मोबाइल रिचार्ज के रुपया दिया जाए.
- बच्चों का पोषाहार बनाने में बर्तन की आवश्यकता होती है पोषाहार बनाने के लिए बर्तन उपलब्ध कराया जाए.
- चावल उठाव के समय आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाने का किराया भी नहीं दिया जाता है आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाने के किराया दिया जाए.

बताया कि यही मुख्य चार मांगें को लेकर सेविका सहायिका की अहम बैठक बुलाई गई थी. इसको लेकर वरीय पदाधिकारी को आवेदन पत्र भी दिया जायेगा.अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तो वृहत स्तर पर आंदोलन किया जाएगा.

# शरद पूर्णिमा पर हरदा बाजार में माता लक्खी पूजा की तैयारी कों लेकर खरीददारी रही तेज दिखी चहल-पहल

**न्यूज़ स्केल हरदा**
---------------------



सोमवार 6 अक्टूबर को यानि आज अश्विन मास की पूर्णिमा के अवसर पर हरदा बाजार में माता लक्खी पूजा की अंतिम तैयारी को लेकर खरीददारी का उत्साह चरम पर पहुँच गया।बारिश के बीच लोग बाजारों में खरीदारी करते दिखे !

शरद पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से बंगाली परिवार हर घर में माता लक्ष्मी का पूजन बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ करते हैं। इस अवसर पर बाजार में लक्ष्मी प्रतिमा, फूल, मिठाई, पूजा सामग्री और फल खरीदने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हरदा बाजार के अलावा गुड मिल्की, सत्संग विहार, लालगंज और नेवा लाल चौक में भी बंगाली परिवारों ने पूजा सामग्री की खरीददारी में हिस्सा लिया। दुकानदारों का कहना है कि इस साल शरद पूर्णिमा पर मांग पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ गई है। बाजार में सजावट, रौनक और चहल-पहल देखते ही बन रही है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि खासकर लक्ष्मी प्रतिमा और मिठाई की बिक्री में काफी तेजी देखने को मिल रही है। खरीदारी के लिए आए लोग अपने परिवार के साथ आकर सामग्री लेकर लौट रहे हैं। इस अवसर पर बाजार में सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि सभी श्रद्धालु आसानी से पूजा सामग्री खरीद सकें।

शरद पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के पूजन से घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आने की मान्यता है, जिसके कारण हर बंगाली परिवार इस अवसर को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाता है।

# पूर्णिया में मौसम के बदले मिजाज से ठंड की आहट : अगले सात अक्टूबर तक बरसेगा बदरा, राहत की नहीं दिख रही गुंजाइस

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




चक्रवाती तूफ़ान दारा का प्रभाव के वजह से पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश के वजह से अब ठंड के आगमन का एहसास भी होने लगा है ! मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 6 और 7 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। रविवार कों आकाश में बादल छाए हुए रहे, हल्की बारिश के साथ तापमान लगभग 23.38C बना हुआ है, जिससे मौसम में ठंडक महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

उमस भरी गर्मी से राहत बरसात के कारण क्षेत्र में उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम का यह बदलाव गर्मी और धूलभरी हवा से राहत दिया है। हालांकि चक्रवाती तूफान के प्रभाव कों लेकर प्रशासन ने भी नागरिकों को जलभराव और सड़क किनारे जोखिम वाले क्षेत्रों से बचने की सलाह दी है।

बारिश का दौर\ और आगे का अनुमान मौसम विभाग के मुताबिक, 7 अक्टूबर के बाद बारिश की तीव्रता में कमी आने की उम्मीद है। इसके बाद मौसम में सुधार देखा जा सकता है और आकाश साफ होने लगेगा।

# आज कोजागरी लक्खी पूजा का भव्य आयोजन,शहर के दुर्गाबाड़ी और बाड़ीहाट में मां लक्ष्मी का आगमन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**
---------------------



शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार की संध्या शहर के दुर्गाबाड़ी, गांगुली पाड़ा और अन्य बंगाली बहुल मुहल्लों में हर एक घर और बंगाली परिवार के हर एक -घर में मां लक्ष्मी के आगमन की धूम रहेगी। बंग समुदाय के लोग अलक्खी को विदा कर, विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अपने घरों में मां लक्ष्मी का स्वागत करेंगे। दरअसल यह उत्सव कोजागरी लक्खी पूजा के रूप में प्रसिद्ध है,इस पूजा के दौरान भक्त सुख, शांति और धन-सम्पदा की कामनाएँ मां लक्ष्मी से माँगते हैं। उक्त जानकारी त्रिदीप दास ने दी ।

**हलवा-पूड़ी और खीर के साथ भोग की परंपरा**

बंग समाज में शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में विचरण करती हैं, ऐसी मान्यता है। पूजा में हलवा-पूड़ी, खीर, नारियल-गूड़ के लड्डू, फल और 11 प्रकार के व्यंजन भोग के रूप में अर्पित किए जाते हैं। कुछ घरों में छत पर या खुले में खीर रखी जाती है, जिसे अगले दिन सुबह ग्रहण किया जाता है। कुछ लोग चूरा-दूध को भी भिगोकर रखते हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है।

**बाड़ीहाट में सजेंगे लक्ष्मी के भव्य दरबार**

शहर के बाड़ीहाट में लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा मां लक्ष्मी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। सोमवार शाम 7 बजे के बाद विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा और पूजा अर्चना की जाएगी। मंगलवार की सुबह प्रतिमा पूजा और आरती के साथ प्रसाद वितरण होगा। मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट के साथ भव्य बनाया गया है। आयोजन समिति हर साल की तरह इस वर्ष भी मेले का आयोजन कर शहरवासियों के लिए उत्सव को और भी खास बना रही है।

**शहर में दिखेगी बंग की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर**

पूर्णिया में दुर्गाबाड़ी, बाड़ीहाट और गांगुली पाड़ा के घर-घर लक्ष्मी पूजा के इस उत्सव के दौरान बंगाली समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा झलकती है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि समाज में एकता, भक्ति और खुशहाली का संदेश भी फैलाता है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# कटिहार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षात्मक बैठक





**कटिहार,** (हि.स.)। विकास भवन सभागार, कटिहार में श्री तारिक अनवर, माननीय सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (District Development Coordination and Monitoring Committee – DDCMC) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा, उनकी प्रगति का आकलन और आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि और पंचायत स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। श्री तारिक अनवर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की रिपोर्टिंग सही समय पर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पुल निर्माण, जल आपूर्ति, कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि प्रत्येक परियोजना का उद्देश्य सीधे जनता तक लाभ पहुंचाना होना चाहिए और योजना के निष्पादन में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि स्थानीय लोगों की सहभागिता और सुझावों को योजना में शामिल करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 120 से अधिक विकास परियोजनाएं वर्तमान में सक्रिय हैं और उनमें से अधिकांश कार्य समय पर प्रगति पर हैं। बैठक में विभागों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाले छः माह की योजना को प्राथमिकता के अनुसार प्रस्तुत किया गया। समाप्ति के समय श्री तारिक अनवर ने सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों से अपेक्षा जताई कि वे नियमित रूप से परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करें और किसी भी तरह की शिकायत या समस्या का समाधान तुरंत करें। उन्होंने कहा कि जिले का समग्र विकास तभी संभव है जब हर योजना जनता की वास्तविक आवश्यकता को पूरा करे। बैठक का समापन सकारात्मक माहौल और भविष्य की योजनाओं को लेकर ठोस दिशा-निर्देशों के साथ किया गया।

» शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल आपूर्ति, कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

» अधिकारियों को परियोजनाओं की समयबद्ध रिपोर्टिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

» स्थानीय लोगों की सहभागिता और सुझावों को विकास योजनाओं में शामिल करने पर जोर दिया गया।

» आगामी छः माह की प्राथमिकतापूर्ण योजनाओं और समस्याओं के तत्काल समाधान पर चर्चा की गई।

# अररिया में मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही : NH-27 पर ट्रक पलटा, जनजीवन अस्त-व्यस्त





**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)। पिछले दो-तीन दिनों से अररिया में हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शनिवार देर रात तेज मेघ गर्जन और तूफानी हवाओं के साथ हुई बारिश ने कई इलाकों में तबाही मचाई है, जिसके कारण गंभीर जलजमाव, सड़क धंसने और यातायात जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई है। **राष्ट्रीय राजमार्ग धंसा, ट्रक पलटा :** देर रात हुई भारी बारिश के चलते जिले से गुज़रने वाली एनएच-27 (NH-27) पर रेन कट की वजह से सड़क करीब 10 फीट तक धंस गई। इस भीषण घटना में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके अलावा, तेज हवा के कारण फोरलेन सड़क एनएच 27 और फारबिसगंज-कुरसेला स्टेट हाईवे पर कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पोरबन्दर से सिलचर जाने वाली एनएच 27 फोरलेन सड़क पर ढोलबज्जा के निकट पेड़ गिर जाने से दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और जाम जैसे हालात पैदा हो गए हैं। **स्वास्थ्य केंद्र में जलजमाव से हालात की गंभीरता नरपतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र** (पीएचसी) में स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जहाँ पूरे परिसर में जलजमाव हो गया है। अस्पताल के ओपीडी, दवा कक्ष और मुख्य प्रवेश द्वार तक पानी भर गया, जिसके कारण मरीजों को घुटनों तक पानी पार कर इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। वार्डों के आसपास गंदगी और पानी जमा होने से मच्छरों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तुरंत जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। **हाहाकार :** फारबिसगंज शहर का मुख्य बाजार सदर रोड पूरी तरह से पानी में डूब गया, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। **किसानों को भी भारी नुकसान** उठाना पड़ रहा है, क्योंकि खेतों में पानी भर जाने से उनकी फसल को क्षति होने की आशंका है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल प्रशासन ने सड़क मरम्मत और जल निकासी के लिए टीमें तैनात करने का दावा किया है, लेकिन स्थानीय निवासी त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। **ग्रामीण क्षेत्रों में भारी नुकसान, 24 घंटे का अलर्ट :** तेज हवा और मूसलाधार बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों घर उजड़ गए हैं। पूरे जिले में बिजली गुल हो गई है, जिससे आमजनों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

# सड़क परियोजनाओं का श्रम संसाधन मंत्री ने किया शिलान्यास



**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार के श्रम संसाधन विभाग के मंत्री एवं भागलपुर के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने रविवार को भागलपुर में दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पहली परियोजना के तहत लोहिया पुल से अलीगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिस पर 50.17 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं दूसरी बड़ी परियोजना अमरपुर भागलपुर फोरलेन सड़क निर्माण की है। जिसके लिए 101.56 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में मंत्री संतोष कुमार सिंह के साथ उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, भागलपुर नगर निगम की महापौर डॉक्टर वसुंधरा लाल, उप महापौर सलाउद्दीन हसन समेत कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री का पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से भागलपुर के दक्षिण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी और विकास की नई राह खुलेगी।

# आंधी तूफान से सैकड़ों घर हुए जमींदोज,नेताओं ने जायजा लेकर अधिकारियों और मंत्रियों से की बात



**अररिया** (हि.स.)। अररिया में शनिवार देर शाम को हुए आंधी तूफान से सैकड़ों घर जमींदोज हो गए।जिले में सबसे ज्यादा फारबिसगंज,नरपतगंज और भरगामा प्रखंड में जानमाल की क्षति हुई है।सैकड़ों की संख्या में लोगों के आशियाने उजड़ गए और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।आंधी तूफान के कारण जिले में हुए नुकसान का जायजा स्थानीय नेताओं ने अपने अपने इलाकों में लिया और अधिकारियों के साथ बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल से बातचीत की और पीड़ित परिवारों को समुचित लाभ दिए जाने की मांग की। नरपतगंज में विधायक जयप्रकाश यादव,राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव,पूर्व प्रमुख विजय यादव,भाजपा नेता नागेश्वर यादव ने अलग अलग हिस्सों में आंधी तूफान से हुए नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।वहीं फारबिसगंज में विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी,राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल अविनाश आनंद,राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव इंजीनियर आयुष अग्रवाल,कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाद अहमद आदि ने अलग अलग इलाके जाकर आंधी तूफान से हुए नुकसान और जानमाल की क्षति का आकलन किया।नेताओं ने पीड़ित परिवार वालों से मुलाकात की। नरपतगंज विधायक जयप्रकाश यादव ने नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र में आए आंधी तूफान से हुए भारी क्षति को लेकर बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल से बातचीत की और उन्हें नुकसान को लेकर जानकारी देते हुए विभागीय स्तर पर राहत मुहैया कराने की मांग की। तेज आंधी और तूफान के कारण जिले में भारी जानमाल की क्षति हुई है।आंधी तूफान के कारण जमींदोज हो चुके घर के बाद लगातार हो रही बारिश के कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ हुए मूसलाधार बारिश से शहर जलमग्न,कई झोपड़ियां उड़ी,पेड़ उखड़े



**अररिया** (हि.स.)। अररिया में तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ शनिवार शाम से रातभर मूसलाधार बारिश हुई।जिससे पूरा शहर जलमग्न हो गया। अररिया जिला में सड़क पर पानी का जमाव हो गया।सबसे खराब हालत फारबिसगंज शहर में मुख्य बाजार सदर रोड का रहा,जो पूरे पानी में डूब गया।जिसके कारण आमलोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवा के कारण फोरलेन सड़क एनएच 27 और फारबिसगंज कुरसेला स्टेट हाइवे में कई स्थानों पेड़ गिर जाने के कारण यातायात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। गुजरात के पोरबन्दर से आसाम के सिलचर तक जाने वाली एनएच 27 फोरलेन सड़क पर ढोलबज्जा के निकट पेड़ बीच सड़क पर गिर गया,जिससे यातायात बाधित हो गया है। फारबिसगंज और रानीगंज के बीच में भी कई स्थानों पर स्टेट हाइवे सड़क पर पेड़ की टहनी टूटकर सड़क पर गिर गई।विभिन्न स्थानों पर पेड़ और टहनियों के सड़क पर गिर जाने के कारण दोनों ओर गाड़ियों की कतारें खड़ी हो गई है और जाम जैसे हालात पैदा हो गए हैं।तेज हवा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों घर उजड़ गए हैं।तेज मूसलाधार बारिश के कारण बिजली गुल हो गई।जिसके कारण आमजनों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फारबिसगंज शहर की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।मूसलाधार बारिश के कारण मुख्य बाजार सदर रोड जलमग्न हो गया है।सड़क पर घुटना भर पानी भर गया है।वहीं कई दुकानों में सड़क पर फैले नाला के गंदा पानी के साथ बारिश का पानी घुस जाने के कारण दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सबसे ज्यादा दिक्कत बाजार में पैदल चलने वाले लोगों को उठानी पड़ी।वहीं सड़क पर फैले पानी और गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बिजली गुल रहने के कारण पूरा शहर अधंकारमय हो गया है।

# बिहार ग्रामीण बैंक कर्मचारियों की संयुक्त बैठक




**भागलपुर,** (हि.स.)। भागलपुर के एक होटल में रविवार को बिहार ग्रामीण बैंक एम्प्लाइज एंड ऑफिसर्स फेडरेशन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ऑफिसर फेडरेशन के महासचिव मो नदीम अख्तर एवं अध्यक्ष ब्रह्मेश्वर कुमार उपस्थित रहे। बैठक में 25 सेवानिवृत साथियों को सम्मानित किया गया और 15 नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया। महासभा के दौरान मो नदीम अख्तर ने अपने संगठन एवं उसके उद्देश्यों के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी। इस बैठक में लगभग 150 सदस्य उपस्थित थे। भागलपुर ईकाई के क्षेत्रीय सचिव कुणाल कुमार और केंद्रीय कमिटी के सहायक महासचिव ने फेडरेशन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया और स्पष्ट किया कि भागलपुर फेडरेशन एकजुट है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राकेश कुमार ने उपरोक्त जानकारी साझा की।।

# कुरसेला नाव हादसे में एक और शव बरामद, एक की तलाश जारी



**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र में विजयादशमी के दिन हुए भीषण नाव हादसे के बाद शनिवार को राहत एवं खोज अभियान के दौरान एक लापता व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मधेली 12 नंबर ठोकर के समीप गंगा नदी में फुलेश्वर मंडल का शव मिला, जिसकी पहचान स्थानीय लोगों ने की। फुलेश्वर मंडल के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रशासन ने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से डूबने वाले व्यक्ति के परिजनों को अनुग्रह राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है की विजयादशमी के दिन कुरसेला थाना क्षेत्र के खेरिया गांव के पास गंगा नदी में नाव पलट गई थी, जिसमें पांच किसान सवार थे। हादसे में तीन लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि दो लोग फुलेश्वर मंडल और संतलाल सहनी लापता हो गए थे। संतलाल सहनी की पत्नी चदरी देवी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पति ने विजयादशमी के दिन मेला दिखाने की बात कही थी, लेकिन वह खेत की तरफ चले गए और अब तक लौटे नहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संतलाल सहनी का शव भी जल्द बरामद कर लिया जाए, ताकि परिजनों को उचित मुआवजा मिल सके। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है, वहीं प्रशासन ने कहा है कि खोज अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक दूसरे लापता व्यक्ति का भी पता नहीं चल जाता।

# जोगबनी रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने के कारण चार ट्रेनों का परिचालन बथनाहा से



**अररिया** (हि.स.)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित जोगबनी रेलवे स्टेशन में रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने के कारण पांच ट्रेनों का परिचालन जोगबनी से न होकर बथनाहा और फारबिसगंज स्टेशन से शुरू किया गया।जिसमें चार ट्रेनों का परिचालन बथनाहा स्टेशन और जोगबनी आनंद विहार सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन फारबिसगंज स्टेशन से हुआ।कटिहार मंडल रेल प्रबंधक ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से भी यह जानकारी दी। कटिहार डीआरएम किरेंद्र नारहा की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि 13212 दानापुर जोगबनी एक्सप्रेस,13213 जोगबनी सहरसा एक्सप्रेस,75755 कटिहार जोगबनी डीएमयू,75756 जोगबनी कटिहार डीएमयू ट्रेन का परिचालन बथनाहा स्टेशन से और 12487 जोगबनी आनंद विहार सुपरफास्ट सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन फारबिसगंज स्टेशन से किए जाने की बात कही। ट्रेनों का यह परिचालन जोगबनी स्टेशन से न कर बथनाहा और फारबिसगंज स्टेशन से किए जाने के पीछे मूसलाधार बारिश के कारण जोगबनी यार्ड में जल जमाव को कारण बताया गया है। इधर ट्रेनों का परिचालन जोगबनी स्टेशन से न होने पर यात्रियों के बीच उहापोह की स्थिति बनी रही।

# कोसी नदी के जलस्तर में सर्वाधिक वृद्धि की रफ्तार जारी जलस्तर 5 लाख 33 हजार क्यूसेक को किया पार



**न्यूज स्केल सुपौल**

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। कोसी नदी का जलस्तर रविवार 4 बजे दिन में कोसी बराज पर 5 लाख 33 हजार 540 क्यूसेक डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया। जो इस साल का सर्वाधिक जलस्तर है। जबकि नेपाल के बराह क्षेत्र में जलस्तर में घटने की क्रम जारी है ।बराह क्षेत्र में 2 लाख 53 हजार 500 क्यूसेक जलस्तर रिकॉर्ड किया गया। नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र का इस साल का सबसे ज्यादा जलस्तर रहा है। जिला पदाधिकारी सावन कुमार , सदर एसडीएम इंद्रवीर कुमार , जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता वीरपुर , अधीक्षण अभियंता, सहित संबंधित क्षेत्र के अंचलाधिकारी ने कोसी तटबंध का निरीक्षण किया। तटबंध के अंदर रह रहे लोगों को बाहर सुरक्षित स्थान पर आने की अपील की है।

डीएम , एसडीएम और जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ने तटबंध का लिया जायजा





जलस्तर में को लेकर जल संसाधन विभाग के इंजीनियर ने तटबंध और स्पर पर चौकसी बढ़ा दी है।जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। जल संसाधन विभाग के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जलस्तर में बढ़ने की रफ्तार जारी है। कोसी तटबंध के सभी स्पर सुरक्षित है। फिलहाल कोई खतरा नहीं है। कोसी के जलस्तर बढ़ने से तटबंध के निचले हिस्से में पानी फैल गया है । जिसके कारण बांध के अंदर रहने वाले लोगों के लिए परेशानी बढ़ गयी है। पानी के बढ़ने से नदी के अंदर रहने वाले लोगों के बीच बेचैनी बढ़ गई है।

**जिला प्रशासन ने की अपील -**

वीरपुर बराज से लगभग 5 लाख 33 हजार 540 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना बनी हुई है।

जिला प्रशासन लगातार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के संपर्क में है। माइकिंग से भी लोगों को सावधान किया जा रहा है।

सभी नागरिकों से अपील है कि बांध के अंदर रह रहे लोग तुरंत बांध के बाहर सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अनुरोध है कि अपने-अपने स्रोतों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को सूचित करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति बांध के अंदर न रहे।

सावधानी बरतें, अफवाहों पर ध्यान न दें, एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### नेपाल के तराई क्षेत्र में हुई बारिश से कोशी किनारे बसे लोगों की बढ़ी चिंता :

मरौना। नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने कोशी किनारे बसे लोगों की चिंता एक बार फिर बढ़ा दी है। मरौना प्रखंड के सिसौनी पंचायत के जोबहा गांव तथा घोघररिया पंचायत के मान टोला और नवटोली के ग्रामीणों में संभावित बाढ़ को लेकर बेचैनी साफ देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नेपाल में हो रही भारी वर्षा से कोशी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है, जिससे निचले इलाकों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। इधर, संभावित आपदा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संबंधित विभागों को भी स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं, सिसौनी पंचायत की मुखिया एकता ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को सूचित करें। मुखिया ने कहा कि प्रशासन और पंचायत स्तर पर हर संभव मदद दी जाएगी, लेकिन लोगों को भी एहतियात बरतते हुए सुरक्षित स्थानों की पहचान पहले से कर लेनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से नदी के जलस्तर में हर बदलाव पर ध्यान देने और अफवाहों से बचने की भी अपील की है।





# मूसलाधार बारिश बनी आफत, कई इलाकों में तेज हवा से गिरे पेड़, विधुत आपूर्ति बाधित

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

प्रतापगंज प्रखंड में शनिवार का दिन लोगों के लिए आफत बनकर आया। दिनभर हुई सात घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश के कारण जगह-जगह जलजमाव हो गया, जिससे लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया।

**मिरचईया नदी उफान पर, खेतों में फैला पानी** : प्रखंड के पूर्वी हिस्से से गुजरने वाली मिरचईया नदी उफान पर आ गई। नदी का पानी खेतों में फैलने से गोविंदपुर, भवानीपुर, तेकूना और सुरजापुर पंचायत के सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गई। किसानों का कहना है कि कई जगहों पर खड़ी फसल पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है।।



**पेट्रोल पम्प की दीवार गिरी, बिजली व्यवस्था ठप** : मूसलाधार बारिश और तेज हवा से गढ़िया गांव स्थित एस.के. पेट्रोल पम्प की सौ मीटर लंबी दीवार ढह गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, वज्रपात और तेज हवा के कारण पूरे प्रखंड की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जेई अजय कुमार के अनुसार 33 केवीए लाइन के दर्जनों डिस पंचर हो गए और कई जगह सीमेंट पोल टूट गए हैं।



**प्रशासन ने जारी किया मौसम अलर्ट** : तेज बारिश और वज्रपात के कारण रेलवे स्टेशन के आसपास भी सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर तक मौसम के खराब रहने की चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

**तेज हवा से गिरी धान की फसल, किसानों में निराशा** : गढ़िया गांव के किसान गुणेश्वर यादव, राजकिशोर यादव, कमल यादव और बूची यादव ने बताया कि तेज हवा के कारण खेतों में फूटी हुई धान की फसल गिर गई है। गुणेश्वर और शंभू यादव के खेत में लगी 'मंसूरी' और 'जया' किस्म की फसल पूरी तरह जमीन पर बिछ गई है, जिससे फसल बर्बादी की आशंका बढ़ गई है



उफनती मिरचईया नदी का पानी फैला खेतों में, डूबी धान की फसल।



1एस के पेट्रोल पम्प की गिरी दिवाल।

# सीएचसी पिपरा में घुसा बारिश का पानी, डॉक्टर और मरीजों की बढ़ी परेशानी

**न्यूज स्केल पिपरा**

लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। मूसलाधार बारिश के कारण पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी फ़ैल गया है. बारिश का पानी सीएचसी पिपरा के ओपीडी इमरजेंसी सहित अन्य वार्डों सहित अस्पताल परिसर में फैल गया है जिसके चलते मरीजों की परेशानी बढ़ गई है. अस्पताल में मौजूद चिकित्सक शालेंद्र कुमार ने कहा की अस्पताल के विभिन्न वार्ड में पानी लग जाने के कारण स्थिति काफी भयावह हो गई है और मरीजो का इलाज करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ओपीडी में करीब एक फिट पानी लग जाने के कारण भर पानी में ही कुर्सी लगाकर बैठने को मजबूर चिकित्सक ने स्थानीय प्रशासन से जल निकासी की मांग की है. फिलहाल अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पानी लग जाने से मरीज के बेड के निचे पानी लग जाने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. कहा गया कि पानी फ़ैल जाने के कारण विषैले जीव जंतु का खतरा भी मण्डारने लगा है जिसके चलते लोग भयभीत हैं।







# कोसी बराज का जिला पदाधिकारी ने लिया जायजा



**न्यूज स्केल सुपौल**

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के बाद कोसी नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुपौल जिला प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है और सभी संबंधित विभागों को सतर्क मोड में रखा गया है। शनिवार को जिला पदाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर.एस., जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर और अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कोसी तटबंध और कोसी बराज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तटबंध की स्थिति, जलस्तर की निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा उपायों का गहन मूल्यांकन किया गया। जिलाधिकारी ने तेलवा पंचायत स्थित गोपालपुर सिरे के स्पर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबंध पर लगातार निगरानी रखी जाए, कमजोर हिस्सों की मरम्मत तत्काल की जाए और सभी नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, सदर प्रखंड क्षेत्र के मुसरनिया टोला, वार्ड संख्या 01 तथा बसबिट्टी इलाके में बाढ़ का पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को नाव के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की है। राहत एवं बचाव कार्य निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयां, खाने-पीने का सामान और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें और सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संसाधन तैयार हैं।

# विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने प्रतापगंज पहूंची एस एस बी की टीम

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

अगामी विधान सभा चुनाव को शांतिपूर्ण वातावरण में निपक्ष और भयमुक्त सम्पन्न कराने को ले एस एस बी की एक बटालियन शनिवार की रात प्रतापगंज पहूंच गई है। जिसे सुरजापुर पंचायत स्थित हाजीनजीबुल्लाह हाई स्कूल में ठहराया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बीडीओ अमरेशकुमार मिश्रा व थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव की घोषणा शिध्र होने वाली है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए आयोग संकल्पित है। इसके लिए अभी से ही सुरक्षा के पूख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। बीडीओ मिश्रा ने बताया कि इस बार मतदान केन्द्रों पर आयोग के आदेशानुसार पारा मिलिट्री और बिहार पुलिस को लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि ये सुरक्षाकर्मी चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था के साथ चुनाव क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर भी रखेंगे। चुनाव के पूर्व इन सुरक्षाकर्मियों के साथ प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी कर लोगों में निर्भीक और भयमुक्त हो मतदान केंद्र पहूंच अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जागरूकता पैदा की जायेगी।



# नेपाल के तराई क्षेत्र में हुई बारिश से कोशी किनारे बसे लोगों की बढ़ी चिंता

**न्यूज स्केल मरौना**

नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने कोशी किनारे बसे लोगों की चिंता एक बार फिर बढ़ा दी है। मरौना प्रखंड के सिसौनी पंचायत के जोबहा गांव तथा घोघररिया पंचायत के मान टोला और नवटोली के ग्रामीणों में संभावित बाढ़ को लेकर बेचैनी साफ देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नेपाल में हो रही भारी वर्षा से कोशी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है, जिससे निचले इलाकों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है।

इधर, संभावित आपदा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संबंधित विभागों को भी स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं,घोघररिया पंचायत की मुखिया एकता यादव ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करें।मुखिया ने कहा कि प्रशासन और पंचायत स्तर पर हर संभव मदद दी जाएगी, लेकिन लोगों को भी एहतियात बरतते हुए सुरक्षित स्थानों की पहचान पहले से कर लेनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से नदी के जलस्तर में हर बदलाव पर ध्यान देने और अफवाहों से बचने की भी अपील की।







# लक्ष्मी पूजा और कोजागरा मेला आज से , तैयारी पूरी

## जिला मुख्यालय व सदर प्रखंड के वीणा वभनगामा गांव में प्रतिमा स्थापित कर होती है लक्ष्मी पूजा

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

शहर और आसपास के इलाकों में कोजगरा पूर्णिमा के मौके पर इस बार सोमवार को लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा की रात श्रद्धा और भव्यता से मां लक्ष्मी की आराधना की जाएगी। सदर प्रखंड के वीणा व भंगामा गांव सहित कोसी रोड क्षेत्र में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

**पूजा की तैयारियों में दिखा उल्लास** : पूजा की तैयारी को लेकर नगर और ग्रामीण इलाकों में उल्लास का माहौल है।




श्रद्धालुओं ने घरों, दुकानों और मंदिरों की साफ-सफाई कर दीप सजाए हैं। कई जगहों पर भव्य पंडाल बनाए गए हैं। मां लक्ष्मी की प्रतिमा को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है।

**पूरे शहर में दीपों की जगमगाहट**

शरद पूर्णिमा की संध्या होते ही पूरा शहर दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठेगा। श्रद्धालु मां लक्ष्मी से सुख, समृद्धि और परिवार की उन्नति की कामना करेंगे। पूजा में खीर, फल, मिठाई और चावल का भोग लगाया जाएगा। रात्रि में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

**बाजारों में रही जबरदस्त रौनक**

रविवार को दिनभर सुपौल बाजार में खरीदारी को लेकर जबरदस्त भीड़ रही। दुकानों पर दीये, लाइटें, मूर्तियाँ, मिठाइयाँ और पूजा सामग्री की बिक्री खूब हुई। बाजारों में रौनक देखते ही बनती थी। लोग घरों की सजावट के लिए आकर्षक श्रृंगार सामग्री खरीदते नजर आए।

**कोजगरा पूर्णिमा की मान्यता**

आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि कोजगरा पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी का आगमन होता है। जो परिवार इस रात जागरण करते हैं और घर को स्वच्छ व प्रकाशित रखते हैं, उन पर



देवी की विशेष कृपा होती है। श्रद्धालु इस रात मां लक्ष्मी से समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना करते हैं।

# गांधी जयंती पर कॉउन्सिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन द्वारा सम्मानित हुए डा. रणधीर

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

शिक्षा के क्षेत्र में नावाचारी प्रयास से क्रांति लाने वाले तथा समाजसेवा सहित अनेक क्षेत्रों में अपनी सेवा और समर्पण से परिवर्तन लाने वाले बबुजन विशेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक (+ 2) विद्यालय, सुपौल के विशिष्ट शिक्षक डा. रणधीर कुमार राणा को स्वच्छ भारत क्वीज़ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा उनके सराहनीय प्रयासों के लिए भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परिषद (CISCE) माई गवर्नमेंट द्वारा यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। आपको बता दे की यह एक महत्वपूर्ण सम्मान है जो डा. रणधीर कुमार राणा को महात्मा गाँधी के जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत क्वीज़ प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए दिया गया है। यह प्रमाण पत्र उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

**इस प्रमाण पत्र के कुछ महत्वपूर्ण पहलू:** - स्वच्छ भारत क्वीज़ प्रतियोगिताः यह प्रतियोगिता स्वच्छता और स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी।

- डा. रणधीर कुमार राणा का योगदानः डा. राणा ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया और सराहनीय प्रयास किए।

- प्रमाण पत्र प्रदान करने वालेः यह प्रमाण पत्र चीफ कार्यकारी सचिव डा. जोसेफ इमेनुल और अध्यक्ष डा. जी इमैनुएल द्वारा प्रदान किया गया है, जो इस सम्मान को और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

यह प्रमाण पत्र डा. रणधीर कुमार राणा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। इस सम्मान पर विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकायें, छात्राएँ सहित ईस्ट-मित्र, प्रबुद्धजनों सहित अधिकारियों ने बधाई दिया है। डा राणा ने सभी का आभार व्यक्ति किया।

# किशनपुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित लोगों से जिलाधिकारी ने ली जानकारी

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

: रविवार की शाम जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने किशनपुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं व जरूरतों के बारे में जानकारी ली। डीएम ने लोगों से हालात के बारे में विस्तार से पूछा और प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी किशनपुर और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को आवश्यक



राहत सामग्री जैसे भोजन, पीने का पानी, दवाइयाँ और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में हर संभव मदद सुनिश्चित करेगा और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत कदम उठाया जाएगा। डीएम ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे प्रशासन के सहयोग से सुरक्षित स्थानों पर रहें और बाढ़ संबंधी जरूरी सूचना का पालन करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभावित इलाकों की स्थिति का संपूर्ण आंकलन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री समय पर पहुँचे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रभावित लोगों की समस्याओं को समझना और त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करना था, ताकि बाढ़ का प्रभाव कम से कम हो और प्रभावित लोग सुरक्षित रह सकें।

# घोघररिया सामुदायिक रसोई का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी मरौना ने किया



**न्यूज़ स्केल मरौना**

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मरौना द्वारा घोघररिया पंचायत में संचालित सामुदायिक रसोई का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रसोई संचालन की संपूर्ण व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, लाभुकों की उपस्थिति और भोजन वितरण प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। बीडीओ ने मौके पर रसोई में पक रहे भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की और भोजन की मात्रा व पोषण स्तर पर संतोष व्यक्त किया।



निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि सामुदायिक रसोई में लाभुकों को समय पर गर्म और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि रसोई की साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की शिकायत उत्पन्न न हो। बीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सामुदायिक रसोई योजना का उद्देश्य आपदा अथवा विपरीत परिस्थितियों में जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाना है, इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी मरौना, संबंधित पंचायत प्रतिनिधि, रसोई कर्मी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से रसोई संचालन में बेहतर समन्वय और नियमित निगरानी बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि लाभुकों की संतुष्टि ही योजना की सफलता का मापदंड है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी-कर्मी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करें। बीडीओ ने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी रसोइयों का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा ताकि सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# नेपाल के तराई क्षेत्र में हुई बारिश से कोशी किनारे बसे लोगों की बढ़ी चिंता

**न्यूज़ स्केल /मरौना**
**बन्धु मुन्ना**

नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने कोशी किनारे बसे लोगों की चिंता एक बार फिर बढ़ा दी है। मरौना प्रखंड के सिसौनी पंचायत के महिशबेचा, जोबहा गांव तथा घोघररिया पंचायत के मानटोला, अमीन टोला, लक्ष्य मिनियाँ, खुखनाहा, खुख नाहा गोठगाँव के ग्रामीणों में संभावित बाढ़ को लेकर बेचैनी साफ देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नेपाल में हो रही भारी वर्षा से कोशी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है, जिससे निचले इलाकों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। इधर, संभावित आपदा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संबंधित विभागों को भी स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया है।



**अंचल स्तर पर स्टीमर एवं बाढ़ आश्रय पर बाढ़ पीड़ितो के लिए किया गया है इंतजाम** : वही इस संदर्भ मरौना अंचलधिकारी श्री चौधरी ने बताया की इधर बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मरौना अंचल स्तर से आठ स्टीमर एवं 19 नाव की व्यवस्था की गई है। कहा की मरौना मे कुल 12 बाढ़ आश्रय स्थल है फिलहाल दो बाढ़ शिविर घोघररिया पंचायत के मध्य विद्यालय एवं शंकर झोली स्कूली पर लगाया गया है।

**मरौना अंचल स्तर पर माईकिंग के माध्यम से किया जा रहा है लोगो को सतर्क** : इस संदर्भ मे मरौना अंचल स्तर से लाउडस्पीकर के माध्यम से तटबंध के भीतर बसे लोगो से उच्च स्थल पर शरण लेने की अपील भी की जा रही है। इस संदर्भ मे अंचलधिकारी पिंटू कुमार चौधरी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करें।बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लोगों को भी एहतियात बरतते हुए सुरक्षित स्थानों की पहचान पहले से कर लेनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से नदी के जलस्तर में हर बदलाव पर ध्यान देने और अफवाहों से बचने की भी अपील की।



**बाढ़ स्थिति को लेकर तटबंध का जायजा** : मरौना प्रखंड विकास पदाधिकारी रचना भारतीय ने तटबंध का लिया जायजा. जहाँ जायजा के क्रम मे मरौना बीडीओ रचना भारतीय ने कहा की कोशी के जलस्तर मे हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए लोगो को सतर्क रहने को जरूरत है। ऐसे मे बाढ़ पीड़ितो के लिए मरौना प्रखंड प्रसासन पूरी तरह से मुस्तेत है।

**ऊंचे स्थल पर शरण लेने को लोग बेवश** : कोशी नदी के जलस्तर मे लगातर हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। जिसको लेकर बाढ़ पीड़ित ऊंचे स्थल पर शरण लेने को बेबस हो गए है। जहाँ



घोघररिया मुखिया एकता यादव ने बाढ़ पीड़ितो की मदद के लिए तत्तपरता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए आगे आये। जहाँ वे बाढ़ पीड़ितो के बीच जाकर उन्हें सुरक्षित स्थल पर जाने के लिए प्रेरित भी करते नजर आये। इस बाबत मुखिया एकता यादव ने बताया की इस बारिश के बीच बाढ़ पीड़ितों के लिए अंचल स्तर पर प्लास्टिक की व्यापाक व्यवस्था नहीं होने के कारण बाढ़ पीड़ितों में नाराजगी भी है।

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## राघोपुर में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित,थाना, दुकानें जलमग्न, सड़को पर जलजमाव,फसलें बर्बाद

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

प्रखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राघोपुर थाना परिसर, सिपाही बैरक और प्रखंड मुख्यालय परिसर जलमग्न हो गए हैं। कई दुकानें और घरों में पानी घुस गया है, जबकि सड़कें बह गई हैं, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। बारिश के कारण सिमराही वार्ड 5 स्थित गोल बाजार हाट से दही पौड़ी जाने वाली सड़क पूरी तरह बह गई



है। हॉस्पिटल रोड में नटराज स्टूडियो में कमर तक पानी भर जाने से सभी मशीनें खराब हो गईं, जिससे दुकानदार को लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। तेज हवाओं और आंधी के कारण कई घरों को भी क्षति पहुंची है। किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा, मवेशियों, बकरियों और भैंसों जैसे जानवरों को भी चारे की कमी का सामना करना पड़ रहा है,। आसपास कहीं भी हरी घास उपलब्ध नहीं है।सुपौल जिला



आपदा प्रबंधन शाखा ने 4 से 7 अक्टूबर तक तेज बारिश, तेज हवा, वज्रपात और बिजली गर्जन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। बारिश अभी भी जारी है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। राघोपुर अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि प्रिया ने सभी प्रखंड वासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से तेज बारिश और बिजली गर्जन के दौरान घर से बाहर न निकलने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया है।

# विशिष्ट व प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण की मिली हरी झंडी

## प्रदेश महासचिव ने सेवा निरंतरता की मांग को फिर उठाया

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सक्षमता परीक्षा पास कर जनवरी से विशिष्ट शिक्षक बने लाखों नियोजित शिक्षकों को आखिरकार सरकार से बड़ी राहत मिली है। लंबे इंतजार के बाद विभाग ने वेतन संरक्षण के साथ वर्धित दर से भुगतान और बकाया राशि देने का आदेश जारी कर दिया है।

**मुख्यमंत्री को धन्यवाद, नई मांगें भी रखीं** : संघ के प्रदेश महासचिव पंकज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीस वर्षों से सेवा दे रहे विशिष्ट, विद्यालय अध्यापक और प्रधान शिक्षकों को सेवा निरंतरता और सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतन वृद्धि का लाभ भी दिया जाए।

**नौ माह से हो रही थी आर्थिक क्षति** : नियमावली में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद शिक्षकों को नौ माह से वेतन संरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा था। इसके कारण प्रत्येक शिक्षक को प्रति माह 10 से 15 हजार रुपये तक का नुकसान झेलना पड़ रहा था। संघ लगातार इस मुद्दे को उठाता रहा, लेकिन विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही थी।

**संघ के प्रयासों से मिली राहत**

बिहार विशिष्ट अध्यापक प्रधान शिक्षक संघ की सक्रियता और लगातार मांगों के परिणामस्वरूप सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। आदेश जारी होते ही शिक्षकों में हर्ष का माहौल व्याप्त है और इसे चुनाव पूर्व बड़ा राहत कदम माना जा रहा है।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर दरभंगा में हुई महत्वपूर्ण बैठक, डीएम कौशल कुमार ने दिए सख्त निर्देश



**दरभंगा,** (हि.स.)। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वच्छ और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी तैयारियों की समीक्षा और आवश्यक निर्देश जारी करना था।

**सुरक्षा प्रबंध और टीमों की तैनाती ;** जिले में 20 सीआरपीएफ कंपनियां तैनात की जा रही हैं, जिनमें से तीन कंपनियां पहले ही पहुँच चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, एसएसटी और एफएसटी टीमों को 24 घंटे सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। टीमों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, टेंट और तीन शिफ्टों में अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ₹50,000 से अधिक नकदी मिलने पर विधि अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अधिकारियों और पुलिस की जिम्मेदारियां :** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अनावश्यक रूप से किसी यात्री या व्यापारी वर्ग को परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि जांच करें, लेकिन परेशान न करें, और सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार हों। पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ रेड्डी ने कहा कि चुनावी कार्यों में निष्पक्षता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने थाना प्रभारियों को चुनाव समाप्त होने तक क्षेत्र भ्रमण करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट या समाचारों पर दो घंटे के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**नॉमिनेशन और EVM संचालन :** निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे नॉमिनेशन की तैयारियां समय पर पूरी करें, अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण करें और सभी शिकायतों का समाधान सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से करें। नॉमिनेशन प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक ही पूरी की जाएगी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) संचालन और आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए भी कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी दसों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन अधिकारी, ग्रामीण एवं नगर पुलिस अधीक्षक, उपनिदेशक जनसंपर्क, उप निर्वाचन अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को पूरी तरह सुरक्षित, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित कराने के लिए निर्णायक साबित होगी।

**विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी तैयारियां**

: बैठक की शुरुआत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रेस नोट जारी होते ही सभी सरकारी और राजनीतिक बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और वाल पेंटिंग तुरंत हटाई जाएँ। इसके साथ ही राज्य सरकार की उपलब्धियों से जुड़े होर्डिंग्स भी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नहीं लगेंगे।

**मतदान केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं :**

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना था कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने चुनावी कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी और गलती करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

1. सभी सरकारी और राजनीतिक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स चुनाव से पहले हटाने के निर्देश दिए गए।
2. मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी।
3. जिले में 20 सीआरपीएफ कंपनियां और 24 घंटे सक्रिय सुरक्षा टीमों की तैनाती।
4. अधिकारियों और पुलिस को मतदाता या व्यापारी वर्ग को परेशान न करने की चेतावनी दी गई।
5. नॉमिनेशन, EVM संचालन और शिकायत समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

## नकली कमांडो पुलिस अवैध वसूली करते धराया, गिरफ्तार



**बेतिया,** (हि.स.)। बेतिया पुलिस जिला के सीमावर्ती सिकटा बॉर्डर के पास चौक पर पुलिस कमांडो के वर्दी में दुकान वाले से पैसे की अवैध वसूली करते फर्जी सिपाही को पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। गिरफ्तार नकली सिपाही की पहचान बेतिया पुलिस जिला के शिकारपुर थाने के रखही गांव निवासी रफे आलम के रूप में हुई है। गिरफ्तार नकली कमांडो पुलिस का वर्दी पहन कर जगह जगह में ड्यूटी भी कर रहा था। थानाध्यक्ष नीतिश कुमार मौर्य ने रविवार को बताया कि चुनाव को देखते हुए सिकटा बाजार के बॉर्डर चौक पर एएसआई सुभाष कुमार के नेतृत्व में जवानों के तैनात किया गया था। इसी दौरान बॉर्डर चौक के दुकानदारों से अवैध वसूली कर रहा था। पैसा नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा था। जिसकी शिकायत जब लोगों द्वारा किया गया तो जांच हुई जांच में वह फर्जी कमान भी दिखाया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक कॉम्बैट वर्दी, एक खाकी वर्दी जिसमें बिहार पुलिस का बैच एवं नेम प्लेट लगा हुआ है। दो बेल्ट, तीन बैरेट कैप, पिस्तौल तथा कारतूस रखने वाला कवर समेत तीन बैंकों का एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। गिरफ्तार फर्जी सिपाही ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वो वर्दी का प्रयोग अवैध वसूली के लिए करता था। वहीं घरवालों को बताता था कि मेरा बिहार पुलिस में नौकरी लगा है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार फर्जी सिपाही को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पटना में खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम "मशाल" के तहत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स और साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**पटना,** (हि.स.)। खेल विभाग, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम "मशाल" के अंतर्गत राज्य स्तरीय एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित लगभग 800 खिलाड़ी, 114 दल प्रभारी और 42 तकनीकी पदाधिकारी सह चयनकर्ता भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में खेल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में युवा प्रतिभाओं का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य भर से उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। आयोजन के दौरान तकनीकी अधिकारियों ने प्रतियोगिता के नियम और अनुशासन का पालन सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण सोमवार (06.10.2025) को सुबह आयोजित साइक्लिंग और एथलेटिक्स कार्यक्रम होंगे। जेपी गंगा पथ (मेरिन ड्राइव) पर सुबह 7 बजे से साइक्लिंग प्रतियोगिता शुरू होगी, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। वहीं पाटलिपुत्र खेल परिसर में सुबह 9 बजे से एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें दौड़, कूद और फेंक जैसी विभिन्न खेल श्रेणियों में प्रतिभागियों की क्षमता का परीक्षण होगा। प्रतियोगिता के अंत में प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सोमवार (06.10.2025) को अपराह्न 12.30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, खेल विभाग और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, बल्कि खेल संस्कृति को भी प्रोत्साहन देना और युवा खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों का प्रदर्शन भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बिहार की पहचान बनाने में सहायक होगा। इस प्रकार "मशाल" कार्यक्रम खेल क्षेत्र में युवाओं को अवसर प्रदान करने और उत्कृष्टता की दिशा में मार्गदर्शन देने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा

## चारा लाने जा रही तीन लड़कियों के बाढ़ के पानी में बहने से दो की मौत, एक को लोगो ने बचाया



**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण जिला में लगातार बारिश के बाद आई बाढ़ में रविवार की सुबह बेतिया पुलिस जिला के सिकटा थाने के भवानीपुर गांव की तीन जिसमें दो सगी बहन पानी के तेज बहाव में बह गई। जानकारी के अनुसार जिससे दोनों खास बहनों की मौत हो गई है। वहीं एक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया है। दोनों बहने एक साथ मवेशियों के लिए चारा लाने जा रही थी। इसी बीच टूटे हुए सड़क पर बह रहे तेज पानी के बहाव में बह गई। इस घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से निकाला गया लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। किशोरियों की पहचान भवानीपुर गांव के शेख आलम की पुत्री रॉबिन खातून व रुबाना खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सिकटा थाने के थानाध्यक्ष नितिश कुमार मौर्य ने मौके पर पहुंचकर दोनो के लाश को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संवाददाता को बताया कि तीन किशोरी चारा काटने जा रही थी। उसी दौरान तीनों पानी में बह गई। जिसमें ग्रामीणों ने तैयब मियां की पुत्री हुसनेआरा खातुन को बचा लिया। वहीं सगी दो बहनों की मौत पानी से निकालने से पहले हो गई थी। इस घटना से इलाका में कोहराम मचा हुआ है।

## दरभंगा पुलिस ने 24 घंटे में दर्ज किए 10 गिरफ्तारी मामले, भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त



**दरभंगा,** (हि.स.)। दरभंगा जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उन्हें जेल भेजा। इस दौरान विदेशी शराब की बड़ी खेप, 198.75 लीटर और देशी शराब के 10 लीटर जब्त किए गए। पुलिस ने 16 जमानती और 2 अजरामती वारंट के तहत कार्रवाई की, साथ ही 43 व्यक्तियों का चरित्र सत्यापन और 26 व्यक्तियों का पासपोर्ट सत्यापन भी किया। वाहनों की जांच एवं सामान के रूप में 85,500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। अन्य गतिविधियों में, किसी भी वाहन की जब्ती या देशी आग्नेयास्त्र बरामदगी नहीं हुई।

## अंतरराज्यीय थानाध्यक्षों की बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर कई निर्देश



**नवादा ,** (हि.स.)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नवादा जिला के पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर एवं झारखण्ड के गिरिडीह जिला के खोरी महुआ अनुमंडल के नवादा जिले के कौआकोल थाना के सीमावर्ती झारखण्ड राज्य के गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखण्ड अंतर्गत थानसिंहडीह सीआरपीएफ कैम्प में आयोजित बैठक में बिहार में होने वाले विधान सभा चुनाव 2025 के मद्देनजर अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में जिले के कौआकोल थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार, थानसिंहडीह थानाध्यक्ष नीरज कुमार समेत अन्य सीमावर्ती थानों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बॉर्डर के थानाध्यक्षों के द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। वहीं दोनों थाना क्षेत्र की सीमाओं पर गहन चौकसी रखे जाने और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने पर भी बल दिया गया। साथ ही बैठक के दौरान अपराधियों, अवैध परिवहन, संदिग्ध वाहन, अवैध शराब, अवैध हथियार आदि के विरुद्ध छापेमारी करने का भी निर्देश दिया गया है।

## दरभंगा जिले में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट जारी

**दरभंगा,** (हि.स.)। आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार और बिहार मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने दरभंगा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

विभाग के अनुसार, 5 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2025 तक जिले में भारी वर्षा, वज्रपात और 40-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान आने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जिले की प्रमुख नदियों — कमला, बागमती, अधवारा समूह, खिरोई और कोसी — में जलस्तर बढ़ सकता है। इसके चलते जलजमाव और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति भी उत्पन्न होने की आशंका है।

जिला प्रशासन ने आमो नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, घर से अनावश्यक बाहर न निकलें, नदी-तालाब और तटबंधों से दूर रहें, बच्चों और पशुओं की सुरक्षा का ध्यान रखें और खुले खेतों में वर्षा या वज्रपात के दौरान काम न करें।

जिला प्रशासन ने चेताया है कि सावधानी और पूरी तैयारी ही आपदा को कम कर सकती है।

## बिहार में भाजपा की 'सुझाव यात्रा' का शुभारम्भ,करोड़ों लोगों की राय से बनेगा संकल्प पत्र

**पटना,** (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों से पहले अपने घोषणापत्र के लिए जनता की प्रतिक्रिया और सुझाव लेने के उद्देश्य से रविवार को 'सुझाव यात्रा' की शुरूआत की। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस मौके पर बताया कि सुझाव यात्रा 5 अक्टूबर से 20 अक्टूबर-2025 तक चलेगा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य एक करोड़ लोगों से सुझाव प्राप्त करके "जन-केंद्रित घोषणापत्र" तैयार करना है। अभियान के दैरान पार्टी की ओर से सुझाव एकत्र करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग किया जाएगा। पार्टी नेता और कार्यकर्ता छात्रों, किसानों, महिलाओं और अन्य समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे। सभी 38 जिला मुख्यालयों में लगभग 3,000 सुझाव पेटियां रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मिस्ड कॉल सेवा, एक समर्पित वेबसाइट और व्हाट्सएप के माध्यम से भी प्रतिक्रिया प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तुतिकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों में क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे। लोगों को अभियान से जोड़ने के लिए पूरे राज्य में एलईडी वाहन तैनात किए जाएंगे। विजय सिन्हा ने बताया कि भाजपा इस अभियान के तहत जनता से प्रतिक्रिया लेने से पहले उनके समक्ष अपना पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने की योजना बना रही है।

## बुझ गया घर का चिराग, 15साल के कुणाल की डूबने से मौत



**नवादा,** (हि.स.) नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी थाना के मोहगांय गाँव में खेलने के दौरान एक 15 साल की मासूम की पटाशी आहर में रविवार को गिरकर डूबने से मौत हो गई. करीब एक घंटे के बाद शाम में ग्रामीणों ने मृतक की लाश को आहर से बाहर निकाला. इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के मोहगांय गांव निवासी सत्येंद्र कुमार का 15 वर्षीय एकलौता पुत्र कुणाल कुमार गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए गया था. इसके बाद खेल-खेल में वह पास में ही पटाशी अहरा की तरफ चला गया और पैर फिसलने के कारण आहर में गिर पड़ा. कुणाल के आहर में गिरने के बाद अन्य बच्चों ने शोर मचाना शुरु कर दिया,जिसके बाद गांव वाले आहर की तरफ दौड़ पड़े. करीब एक घंटे के बाद ग्रामीणों की मदद से पानी की गहराई से कुणाल की लाश को बाहर निकाला जा सका. इसके बाद इस घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई.

मौके पर सीतामढ़ी थानाध्यक्ष पप्पू शर्मा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. ग्रामीणों ने बताया कि कुणाल अपने घर का इकलौता चिराग था. हालांकि, कुणाल की तीन बहनें भी हैं. उसके पिता गांव में ही रहकर किसानी करते हैं. परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

# ब्रिटेन की नौसेना के साथ भारत के पश्चिमी तट पर शुरू हुआ अभ्यास 'कोंकण'

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी का द्विपक्षीय अभ्यास कोंकण रविवार को भारत के पश्चिमी तट पर शुरू हुआ। पिछले दो दशकों में इस अभ्यास के जरिए दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री अभियानों में बेहतर अंतर-संचालन और आपसी समझ को बढ़ावा मिला है। यह अभ्यास 12 अक्टूबर को खत्म होगा, जिसके बाद 14 अक्टूबर को पश्चिमी तट पर ही भारतीय वायु सेना के साथ एक दिवसीय अभ्यास होगा।


नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल के मुताबिक यह अभ्यास 05 से 12 अक्टूबर तक दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। अभ्यास के बंदरगाह चरण में नौसेना कर्मियों के बीच पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, संयुक्त कार्य समूह की बैठकें और विषय-वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान भी निर्धारित है। इसके बाद समुद्री चरण में जटिल समुद्री परिचालन अभ्यास शामिल होंगे, जिनमें वायु-रोधी, सतह-रोधी और पनडुब्बी-रोधी अभ्यास, उड़ान संचालन और अन्य नौसैन्य कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाले दोनों देशों के विमानवाहक पोत, विध्वंसक, फ्रिगेट, पनडुब्बी और तट आधारित वायु परिसंपत्तियां इस अभ्यास में शामिल होंगी। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में यूके करियर स्ट्राइक ग्रुप (यूके सीएसजी 25) की भागीदारी ने इस वर्ष के अभ्यास को और भी आकर्षक बना दिया है। नॉर्वे और जापान की परिसंपत्तियां भी शामिल हैं। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के वाहक युद्ध समूह द्वारा अन्य सतह, उप-सतह और वायु लड़ाकू विमानों के साथ किया जाएगा।यह अभ्यास सुरक्षित, खुले और मुक्त समुद्र सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और 'भारत-यूके विजन 2035' में उल्लिखित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। भारतीय नौसेना के साथ 12 अक्टूबर को अभ्यास कोंकण के समापन पर यूके सीएसजी 25 अपनी नियोजित तैनाती जारी रखने से पहले 14 अक्टूबर को भारत के पश्चिमी तट पर भारतीय वायु सेना के साथ एक दिवसीय अभ्यास में भाग लेगा। दोनों देशों के बीच अभ्यास 'कोंकण' रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने, अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और क्षेत्रीय समुद्री स्थिरता में योगदान देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

---



# विश्व मेनिनजाइटिस दिवस 2025 : जानें खतरे, लक्षण और बचाव

मेनिनजाइटिस, जिसे अक्सर दिमागी बुखार कहा जाता है, एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है। यह कुछ घंटों या दिनों में अचानक गंभीर रूप ले सकती है। यदि समय पर इलाज न मिले, तो मस्तिष्क को नुकसान, सुनने की समस्या, दौरे या मौत भी हो सकती है। बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में इसका खतरा सबसे अधिक होता है।




**प्रभावित अंग और कारण**

इस बीमारी में मुख्य रूप से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की सुरक्षा करने वाली झिल्लियां प्रभावित होती हैं। कभी-कभी सीधे मस्तिष्क पर भी असर पड़ सकता है। मेनिनजाइटिस का मुख्य कारण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस हैं। इनमें से बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस सबसे खतरनाक होती है। टीबी मेनिनजाइटिस भी मस्तिष्क की झिल्लियों में संक्रमण करके धीरे-धीरे गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है।

**लक्षण और बचाव**

मुख्य लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, उल्टी, रोशनी से असहजता और दृष्टि में धुंधलापन शामिल हैं। बच्चों में सुस्ती, लगातार रोना या चिड़चिड़ापन भी दिख सकता है। बचाव के लिए बच्चों को मेनिंजोकोकल जैसे उपलब्ध टीके लगवाना चाहिए। हाथों की सफाई, साफ पानी पीना, बीमार व्यक्ति से दूरी बनाए रखना और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सावधानी बरतना आवश्यक है। बुखार, तेज सिरदर्द या गर्दन में ऐंठन जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# अगले सप्ताह पांच नए आईपीओ की लॉन्चिंग, 24 शेयरों की होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)अगले कारोबारी सप्ताह के पहले दिन 6 अक्टूबर से प्राइमरी मार्केट में हलचल अपेक्षाकृत कम रहने की संभावना है। इस सप्ताह कुल पांच नए आईपीओ लॉन्च होंगे, जिनमें चार मेनबोर्ड और एक SME सेगमेंट का है। इसके अलावा पहले से खुले तीन आईपीओ में सोमवार और एक में मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। 6 अक्टूबर को टाटा कैपिटल का 15,511.87




करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा, जिसकी बोली 8 अक्टूबर तक लगाई जा सकेगी। 7 अक्टूबर को एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और अनंतम हाईवेज ट्रस्ट के आईपीओ खुलेंगे। SME प्लेटफॉर्म पर मित्तल सेक्शंस, DSM फ्रेश फूड्स, ग्रीनलीफ एनवायरोटेक, श्लोका डाइज और वी वर्क इंडिया मैनेजमेंट के आईपीओ भी चल रहे हैं। इस सप्ताह कुल 24 कंपनियां बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत करेंगी। नए सप्ताह में निवेशकों के लिए आईपीओ और लिस्टिंग के माध्यम से निवेश के विकल्प उपलब्ध रहेंगे।

# मजबूती के नए शिखर पर बिटकॉइन, ऑल टाइम हाई का बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** (हि.स.) दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन ने आज एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। आज दिन के कारोबार में इस क्रिप्टो करेंसी की कीमत करीब 2.7 प्रतिशत उछल कर 1,25,254.57 डॉलर के स्तर पर पहुंच गई। इसके पहले इसी साल अगस्त के महीने में बिटकॉइन की कीमत 1,24,480 डॉलर के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंची थी।



इसके बाद इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में गिरावट आ गई। आज के कारोबार में भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2 बजे के करीब इस क्रिप्टो करेंसी ने मजबूती का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। हालांकि शाम 5 बजे बिटकॉइन 1,25,233.26 डॉलर के स्तर पर पहुंचकर कारोबार कर रहा था।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि बिटकॉइन की कीमत में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में किया गया निवेश है। इसके साथ ही वॉल स्ट्रीट में आई तेजी से भी बिटकॉइन की कीमत को सहारा मिला है।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही बिटकॉइन की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिका की सत्ता संभालने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिप्टो करेंसी को लेकर कई अनुकूल नियम लागू किए हैं, जिससे बिटकॉइन समेत ज्यादातर क्रिप्टो करेंसीज को काफी सपोर्ट मिला है। इसके अलावा संस्थागत निवेशकों ने भी इस साल बिटकॉइन में निवेश काफी बढ़ा दिया है, जिसकी वजह से इस क्रिप्टो करेंसी की चाल लगातार तेज बनी हुई है।

# साप्ताहिक शेयर समीक्षा : खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में बनी रही बढ़त

**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू शेयर बाजार ने 3 अक्टूबर को समाप्त हुए कारोबारी सप्ताह में मजबूती के साथ बंद किया। बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक (0.97%) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर और एनएसई निफ्टी 239.55 अंक (0.97%) की तेजी के साथ 24,894.25 अंक पर बंद हुआ। जानकारों का मानना है कि मुद्रास्फीति में कमी, डीआईआई की लगातार खरीदारी, अच्छा मानसून और अगली तिमाही में मजबूत आय के अनुमान ने बाजार को सहारा दिया।

**लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स**



: बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 1% की बढ़त के साथ बंद हुआ, जिसमें भारत पेट्रोलियम, टाटा मोटर्स और केनरा बैंक के शेयर शामिल रहे। मिडकैप इंडेक्स 2% की मजबूती के साथ बंद हुआ, टॉप गेनर्स में एल एंड टी फाइनेंस, बैंक ऑफ इंडिया और फोर्टिस हेल्थकेयर शामिल रहे।

**सेक्टोरल परफॉर्मेंस** : साप्ताहिक आधार पर सभी सेक्टोरल इंडेक्स ने सकारात्मक प्रदर्शन किया। पीएसयू बैंक और मेटल इंडेक्स 4% की तेजी के साथ टॉप पर रहे। प्राइवेट बैंक 2.5%, डिफेंस 2.3% और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 2% बढ़त के साथ बंद हुए। इस सप्ताह की मजबूती ने पिछले सप्ताह के नुकसान की भरपाई में मदद की।

स्मॉलकैप इंडेक्स भी 2% मजबूत हुआ, सम्मान कैपिटल, वैस्कॉन इंजीनियर्स और स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स प्रमुख गेनर्स रहे।

# राशिफल : 06 अक्टूबर, 2025

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**तुला :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**कुम्भ :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

**मकर :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। शुभांक-5-6-8

**मीन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

# पंचांग : 06 अक्टूबर, 2025

06 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र मीन में
मंगल तुला म
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.46 बजे से
वृश्चिक 09.01 ब.से
धनु 11.17 बजे से
मकर 13.22 बजे से
कुंभ 15.08 बजे से
मीन 16.41 बजे से
मेष 18.12 बजे से
वृष 19.52 बजे से
मिथुन 21.50 बजे से
कर्क 00.03 बजे से
सिंह 02.20 बजे से
कन्या 04.31 बजे से
सोमवार 2025 वर्ष का 279 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि चतुर्दशी 12.24 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा 06.16 बजे तदनन्तर उत्तराभाद्रपदा 04.02 बजे रात्र को समाप्त। योग वृद्धि 13.14 बजे को समाप्त। करण वणिज 12.24 बजे तदनन्तर विष्टि 22.54 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 14.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 050 08'
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872489
जूलियन दिन 2460954.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी तारीख 13

विशेष कोजागरा पूजा, शरद पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास।

# शरद पूर्णिमा पर अमृत बरसाएगा चांद : शहर के विभिन्न मंदिरों में होगा धवल श्रृंगार

**जयपुर,** (हि.स.)। आश्विन शुक्ल पूर्णिमा, यानी शरद पूर्णिमा, इस वर्ष 6 अक्टूबर, सोमवार को बड़े उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाई जाएगी। पूरे शहर के घरों और मंदिरों में खीर बनाकर चंद्रमा की चांदनी में रखने की परंपरा निभाई जाएगी। मंदिरों में ठाकुरजी का धवल श्रृंगार किया जाएगा और चांदी के पात्र में खीर का भोग अर्पित किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार इस वर्ष शरद पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12:24 बजे प्रारंभ होकर अगले दिन सुबह 9:18 बजे तक रहेगी। चंद्रमा मीन राशि में शनि के साथ रहेगा, जिससे उसकी किरणों का प्रभाव विशेष रूप से बढ़ जाएगा। चंद्रमा शाम 5:34 बजे उदित होकर 7 अक्टूबर की सुबह 6:19 बजे अस्त होगा। इस वर्ष चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त संपूर्ण गोलाकार होगा, और मान्यता है कि खुले आसमान में चांद देखने से नेत्र ज्योति बढ़ती है। आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। सुबह महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक होगा। ठाकुर श्रीजी को सफेद पोशाक धारण कराई जाएगी और विशेष पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7:15 से 7:30 बजे तक शरदोत्सव की विशेष झांकी सजाई जाएगी। खीर और खीरसा का भोग लगाए जाने के साथ ही विशेष खाट पर शतरंज, चौसर की बाजी, गाय दान, धूप दान, इत्र दान और पान दान से सजावट होगी। श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ, श्री सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में शरदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरजी को केसरिया खीर का भोग अर्पित किया जाएगा और आचार्यों द्वारा रचित पदों का गायन होगा। जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल स्थित श्री प्रेमभाया सरकार में शाम 8 से 11 बजे तक भक्ति संगीत और रास रचनाओं के माध्यम से उत्सव मनाया जाएगा। समाज श्री सीताराम जी समिति द्वारा छोटी चौपड़ स्थित मंदिर में भी शरद महोत्सव होगा, जिसमें औषधि युक्त खीर का वितरण रात 10 बजे के बाद किया जाएगा। गोविंदजी, राधा दामोदर, मदन गोपाल, लाड़ली जी, गलता तीर्थ, अक्षय पात्र, अक्षरधाम और इस्कॉन मंदिर सहित अनेक मंदिरों में शरद पूर्णिमा महोत्सव भक्ति और श्रद्धा के रंग में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन चांद की किरणों में खीर रखने की परंपरा और रास भजन उत्सव को और भी विशेष बनाती है। इस प्रकार जयपुर में शरद पूर्णिमा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक मेल-जोल का भी माध्यम बनकर लोगों के जीवन में उल्लास और भक्ति का संचार करती है।



## भारत उन्हीं का है जिन्होंने उसे हर युग में संभाला : सह सरकार्यवाह अरुण कुमार

**इंदौर,** (हि.स.)।

**भारत हजारों वर्षों की सभ्यता की निरंतरता का परिणाम है, कोई नया निर्माण नहीं।**

---------------

**राष्ट्रभक्ति केवल जय-जयकार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन है।**

---------------

**भारत उन लोगों का है जिन्होंने इसे बनाए रखा, यह भूमि और बलिदान का संगम है।**

---------------




डेली कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदरांजलि कार्यक्रम में सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि "राष्ट्र किसका है" यह प्रश्न ही हमारे राष्ट्रीय विमर्श का मूल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत किसी नए निर्माण का परिणाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सभ्यतागत यात्रा का फल है। राष्ट्रभक्ति केवल जय-जयकार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन है। अरुण कुमार ने बताया कि भारत कोई राजनीतिक सीमाओं से बंधा देश नहीं, बल्कि सभ्यता की निरंतरता है। संघ की स्थापना का उद्देश्य समाज-निर्माण है, राजनीतिक सत्ता नहीं। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ता ग्राम विकास, शिक्षा, पर्यावरण, सेवा और स्वावलंबन में सक्रिय हैं। संघ के गीत सांस्कृतिक अनुशासन और राष्ट्रभावना का प्रतीक हैं, जो युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ते हैं। अरुण कुमार ने जोर देकर कहा कि भारत उन लोगों का है जिन्होंने इसे बनाए रखा। राष्ट्र केवल भूमि का नाम नहीं, बल्कि तप, त्याग और सेवा का संगम है। राष्ट्र का वास्तविक मूल्य गर्व में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समाज को लौटाने में है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि भारत किसी धर्म, जाति या वर्ग का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है जिसने इसे संरक्षित और संवर्धित किया।

## कांग्रेस का दावा देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता, रमेश बोले- भारत में 1687 लोगों के पास देश की आधी संपत्ति

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस ने देश में बढ़ती आर्थिक असमानता का दावा करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने धन को कुछ चुनिंदा हाथों में केंद्रित कर दिया है, जिससे लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा असर पड़ रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं सिर्फ 1687 लोगों के पास देश की आधी संपत्ति केंद्रित है। सत्ता के गठजोड़ से कुछ उद्योगपति लगातार अमीर होते जा रहे हैं, जबकि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाला एमएसएमई



क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आम लोगों की कमाई के अवसर घट रहे हैं, महंगाई और कर्ज का बोझ बढ़ रहा है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर निवेश लगातार घटता जा रहा है। उन्होंने मनरेगा में वेतन संकट और श्रमिकों को समय पर भुगतान न होने को इस असमान नीति का उदाहरण बताया।

रमेश ने कहा कि अगर यह प्रवृत्ति जारी रही तो भारत भी उन देशों की कतार में शामिल हो जाएगा, जहां आर्थिक असमानता और कमजोर लोकतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अराजकता को जन्म देती हैं।

## होलोंग नदी पर बना लकड़ी का पुल बहा, जलदापाड़ा में कई पर्यटक फंसे



**अलीपुरद्वार,** (हि. स.)। भारी बारिश से जिले का एक बड़ा इलाका तबाह हो गया है। बारिश के कारण लगभग सभी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे होलोंग नदी पर बना लकड़ी का पुल पानी के तेज बहाव के कारण ढह गया।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:30 बजे लकड़ी के पुल का 30 मीटर का हिस्सा अचानक ढह गया। इस घटना में जलदापाड़ा टूरिस्ट लॉज में ठहरे करीब सौ पर्यटक फंस गए है। क्योंकि होलोंग नदी पर बना यह लकड़ी का पुल ही जलदापाड़ा टूरिस्ट लॉज तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है। इस पुल से होकर कई पर्यटक रोज़ाना जंगल सफारी भी करते है। इसके अलावा पूजा का मौसम होने के कारण पर्यटकों की संख्या भी अपेक्षाकृत ज्यादा थी। कई लोग आज घर लौटने वाले थे। लेकिन इस स्थिति में पर्यटक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि पुल की मरम्मत कैसे होगी और वे घर कैसे लौटेंगे। जिला प्रशासन नदी के जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहे है।

## वायु सेना दिवस को लेकर हिंडन एयरपोर्ट से तीन दिन बंद रहेगी कई उड़ानें

**गाजियाबाद,** (हि.स.)।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, थलसेना व नौसेना प्रमुख और रक्षा मंत्री सहित कई वीआईपी कार्यक्रम में शामिल होंगे।**

---------------




वायुसेना दिवस के अवसर पर हिंडन एयरपोर्ट से कई शहरों की उड़ानों को तीन दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। 6 अक्टूबर को फुलड्रेस रिहर्सल और 8 अक्टूबर को मुख्य परेड आयोजित होगी। इसी कारण बेंगलुरु, चेन्नई, पटना, भुवनेश्वर और वाराणसी के लिए उड़ानों को रद्द किया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो की कई उड़ानें प्रभावित हैं।

**उड़ानों का विवरण :** अधिकारियों के अनुसार, 6 अक्टूबर को बेंगलुरु, चेन्नई, भुवनेश्वर और वाराणसी की आने-जाने वाली उड़ानें रद्द हैं। 7 और 8 अक्टूबर को पटना सहित पांच शहरों की उड़ानें स्थगित की गई हैं। 6 से 8 अक्टूबर तक हिंडन से पटना, वाराणसी और बेंगलुरु के लिए उड़ानें रद्द रहेंगी।

**ट्रैफिक डायवर्जन योजना :** मुख्य परेड के दौरान यूपी गेट से राजनगर एक्सटेंशन रोटरी गोल चक्कर और नागद्वार होते हुए हिंडन एयरफोर्स स्टेशन तक के मार्ग पर डायवर्जन लागू रहेगा। वीआईपी मूवमेंट के समय वाहनों को रोक दिया जाएगा। पुलिस ने पहले ही इन मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था कर दी है।

**कार्यक्रम और वीआईपी उपस्थिति :** वायुसेना दिवस पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वीआईपी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम 8 अक्टूबर को आयोजित होगा, जिसके चलते एयरस्पेस 8:30 से 11:30 बजे तक हिंडन सिविल टर्मिनल के लिए बंद रहेगा।

## शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का वाहक बना विद्या समीक्षा केन्द्र : मंत्री धन सिंह

### -डेटा आधारित निर्णयों से पारदर्शिता, जवाबदेही व दक्षता में आया सुधार

**देहरादून,** (हि.स.)।

---------------

**6.5 लाख छात्रों को 'पारख उत्तराखंड' के माध्यम से उपचारात्मक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई।**

---------------

नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्थापित विद्या समीक्षा केन्द्र प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है। अब तक 16,052 विद्यालयों को इस केंद्र से जोड़ा गया है और 46,000 से अधिक शिक्षकों को सतत



पेशेवर विकास (CPD) प्रशिक्षण दिया गया है। **सामग्री उपलब्ध कराई गई है। :** शिक्षकों का डिजिटल प्रशिक्षण और मूल्यांकन अब तक 57,000 से अधिक छात्रों का निपुण मूल्यांकन और 46,323 शिक्षकों का CPD प्रशिक्षण ई-सृजन चैटबॉट

**विद्यालयों में रीयल-टाइम निगरानी :** विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से छात्र प्रदर्शन, उपस्थिति और शिक्षक सहभागिता की वास्तविक समय में निगरानी की जा रही है। प्रदेश के 95% विद्यालयों में 'मेरी उपस्थिति चैटबॉट' के जरिए डिजिटल रूप में उपस्थिति दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त 6.5 लाख छात्रों को 'पारख उत्तराखंड' के माध्यम से उपचारात्मक

के माध्यम से संपन्न हुआ है। इससे शिक्षकों की डिजिटल दक्षता में वृद्धि हुई है और शिक्षण गुणवत्ता बेहतर हुई है।

**6-ए फ्रेमवर्क और भविष्य की योजनाएं :** विद्या समीक्षा केन्द्र के तहत 6-ए फ्रेमवर्क विकसित किया गया है, जिसमें उपस्थिति, मूल्यांकन, अनुकूलनशील अधिगम, प्रमाणन, प्रशासन और एआई आधारित मॉड्यूल शामिल हैं। इससे डेटा संग्रहण प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हुई है। भविष्य में शिक्षक प्रशिक्षण, छात्र अधिगम और नीतिगत निर्णय और प्रभावी बनाने की योजना है।



# काठमांडू के मौसम में सुधार के साथ ही नेपाल से घरेलू उड़ानें शुरू

**काठमांडू,** (हि.स.)। दो दिनों की लगातार बारिश के कारण निलंबित घरेलू उड़ानें रविवार सुबह से त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से फिर से शुरू हो गई हैं।
हवाई अड्डा प्रशासन के अनुसार उन मार्गों पर उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं, जहां मौसम की स्थिति में सुधार हुआ है। आज सुबह काठमांडू से नेपालगंज और भद्रपुर के लिए उड़ानें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। यह भी पुष्टि की गई कि पोखरा और सुरखेत में मौसम की स्थिति अब हवाई यात्रा के लिए अनुकूल हो गई है, जिससे उन मार्गों पर भी संचालन फिर से शुरू हो गया है। इस बीच, आज सुबह से ही अंतरराष्ट्रीय उड़ानें नियमित रूप से शुरू की जा चुकी हैं।
शुक्रवार शाम से ही आंतरिक उड़ाने बाधित हो गई थी। शनिवार को भारी बारिश के कारण अंतराष्ट्रीय उड़ानें भी बाधित रही। अधिकतर अंतराष्ट्रीय उड़ानों को भारत के नई दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और कोलकाता डाइवर्ट किया गया था।

## बुलेटिन बॉक्स

» इजराइल और फ़िलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष में नई संघर्षविराम वार्ता शुरू।

» अमेरिकी राष्ट्रपति ने जलवायु संकट पर वैश्विक सम्मेलन में महत्वाकांक्षी लक्ष्य घोषित किए।


» चीन ने नए स्पेस स्टेशन मॉड्यूल का सफल प्रक्षेपण किया।

» अफगानिस्तान में हाल के भूकंप में दर्जनों लोग घायल, राहत कार्य जारी।

» रूस और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता तेज़।

# कोशी बैराज पर यातायात रोका गया, बिहार में भी बाढ़ का खतरा बढ़ा

**काठमांडू,** (हि.स.)। कोशी बैराज के पुल पर यातायात और पैदल चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है।
बैराज प्रशासन के ई. मनोज कुमार के मुताबिक कोशी नदी का पानी पुल की सड़क तक पहुंच गया है, जिसके बाद नेपाल और भारत के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में यातायात रोकने का फैसला लिया गया है।
लगातार तीसरे दिन हो रही बारिश के कारण कोशी नदी का जलस्तर एक्सट्रीम डेंजर लेवल के पार कर गया है। ई. मनोज कुमार ने बताया कि बराज के सभी 56 फाटक खोल दिए गए हैं।
ताजा अपडेट के मुताबिक



इस समय कोशी बैराज से 4 लाख 86 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड के हिसाब से छोड़ा जा रहा है। इस कारण नेपाल के दक्षिणी तटीय इलाकों के साथ ही बिहार में भी बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

# ग्रेट वॉल ऑफ चाइना पर नाम और आकृति उकेरने का मोह पर्यटक जोड़े को महंगा पड़ गया

**बीजिंग,** (हि.स.)।पर्यटक स्थलों या सार्वजनिक जगहों पर अपना या अपने मित्र का नाम अथवा खास किस्म की आकृति उकेरने की प्रवृत्ति अक्सर देखी जाती है।भारत सहित दूसरे देशों के लोग भी इस प्रवृत्ति के मारे हैं। हालांकि चीन में ऐसी हरकत करने वाले एक पर्यटक जोड़े को ऐसा करना महंगा पड़ गया।इस जोड़े ने यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल में शामिल चीन की दीवार पर अपने-अपने नाम और खास किस्म की आकृति उकेरी।जांच में शिकायत सही पाए जाने पर इस जोड़े को न केवल हिरासत में लिया गया बल्कि उनपर भारी भरकम



जुर्माना भी ठोका गया।
ग्लोबल टाइम्स की एक खबर के मुताबिक बीजिंग नगर निगम लोक सुरक्षा ब्यूरो की मियोन शाखा ने रविवार को अधिसूचना जारी कर बताया कि चीन की दीवार की ईंटों पर अक्षर उकेरने वाले दो पर्यटकों को हिरासत में लिया गया है और उन पर जुर्माना लगाया गया है। बीजिंग के एक कर्मचारी ने शुक्रवार को पुलिस से इसकी शिकायत की जिसमें बताया गया था कि पर्यटकों ने महान दीवार के सिमाताई खंड पर भ्रमण के दौरान अक्षर उकेरे थे।
पुलिस ने मौके का निरीक्षण और विस्तृत जाँच कर शनिवार सुबह दो पर्यटकों मान (पुरुष, 26) और लियू (महिला, 21) को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि दोनों पर्यटकों ने शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे दर्शनीय क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू की और शाम लगभग 4:30 बजे, मान ने लियू के सुझाव पर पत्थरों का उपयोग करके महान दीवार के एक टॉवर पर उनके नाम उकेरे और कुछ आकृतियाँ भी बनाईं। मियोन पुलिस ने मान और लियू पर नजरबंदी और जुर्माना सहित प्रशासनिक दंड लगाया है।
पुलिस ने पर्यटकों को सांस्कृतिक अवशेषों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करने, सभ्य पर्यटक का तौर तरीका अपनाने और महान दीवार की यात्रा के दौरान अपशेषों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बचने को कहा है।
उल्लेखनीय है कि ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के नाम से विख्यात चीन की दीवार, उत्तरी चीन में स्थित है। 7वीं शताब्दी ईसा पूर्व मंगोलों के आक्रमण से बचने के लिए इसका निर्माण किया गया था। इसकी कुल लंबाई लगभग 21,196 किलोमीटर है। यह मिट्टी और पत्थरों से बनी है और इसमें सैनिकों के लिए वॉच टावर, गुप्त दरवाजे और सुरंगें हैं। यूनेस्को के विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल चीन की दीवार पर्यटकों के लिए सबसे प्रसिद्ध और आकर्षक स्थलों में से एक है।

# जर्जिया में सरकार विरोधी प्रदर्शन तेज, प्रदर्शनकारियों की राष्ट्रपति भवन में घुसने की कोशिश नाकाम, कोबाखिद्जे सरकार कराएगी जांच

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की राजधानी काठमांडू में दो दिनों की लगातार बारिश से बाधित हुई घरेलू उड़ानें रविवार सुबह से फिर शुरू हो गईं। मौसम में सुधार होने के बाद त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमानों का परिचालन सामान्य रूप से शुरू हो गया है। हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया कि रविवार की सुबह से ही उन मार्गों पर हवाई सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, जहां मौसम उड़ान के अनुकूल हो गया है। जानकारी के अनुसार, आज सुबह सबसे पहले काठमांडू से नेपालगंज और भद्रपुर के लिए उड़ानें शुरू हुईं। वहीं, पोखरा और सुरखेत में भी मौसम की स्थिति में सुधार दर्ज किया गया है, जिसके बाद उन रूटों पर भी विमानों



का परिचालन फिर से बहाल हो गया है। प्रशासन ने कहा कि मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक देश के कई हिस्सों में बादल छंटने लगे हैं और दृश्यता में सुधार हुआ है, जिससे उड़ान संचालन के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं।
हवाई अड्डा प्रशासन ने यह भी पुष्टि की कि रविवार सुबह से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी सामान्य रूप से संचालित की जा रही हैं। शुक्रवार शाम से जारी लगातार बारिश के कारण आंतरिक उड़ानों को निलंबित करना पड़ा था, जबकि शनिवार को खराब मौसम के कारण अंतरराष्ट्रीय सेवाएं भी बाधित रहीं। इस दौरान कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को भारत के विभिन्न शहरों जैसे नई दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और कोलकाता की ओर डाइवर्ट किया गया था।
अधिकारियों ने बताया कि अब तक सभी डाइवर्ट की गई उड़ानों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्यों की ओर रवाना कर दिया गया है।
हवाई अड्डा प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे उड़ान से पहले अपनी एयरलाइन से समय की पुष्टि कर लें, क्योंकि कुछ मार्गों पर मौसम के कारण समय-सारिणी में परिवर्तन की संभावना बनी हुई है।
मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले 24 घंटे में मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा और हवाई संचालन पूरी क्षमता से सामान्य हो जाएगा। यात्रियों और एयरलाइनों दोनों के लिए यह राहत भरी खबहै कि अब देश के प्रमुख हवाई मार्गों पर उड़ानें फिर से नियमित हो चुकी हैं।

# नेपाल में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या 49 पहुंची, इलाम से 37 शव बरामद

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में 4 और 5 अक्टूबर को लगातार भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के परिणामस्वरूप अब तक 49 मौतें हुईं है।भूस्खलन की चपेट में दबे हुए 37 शव बरामद किए जा चुके हैं। इसी तरह 11 लोगों के लापता होने और 17 घायल लोगों के घायल होने की खबर है।
सरकार के अधिकारियों के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा में पूर्वी क्षेत्र का इलाम सबसे ज्यादा प्रभावित जिला था, जहां भूस्खलन की चपेट में दबे हुए 37 शव बरामद किए जा चुके हैं। सशस्त्र पुलिस बल मुख्यालय ने बताया कि



बारिश के बाद हुए भूस्खलन के बाद इलाम में अभी भी 11 लोग लापता हैं। उदयपुर में बाढ़ और भूस्खलन से दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। खोटांग में बिजली गिरने से एक की मौत हो गई और तीन घायल हो गए, जबकि भोजपुर में बिजली गिरने से दो लोग घायल हो गए हैं।
अधिकारियों के अनुसार पंचथर में सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और छह अन्य का इलाज चल रहा है। मधेस प्रांत को भी नुकसान हुआ। रौतहट में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बारा में एक व्यक्ति नदी में बह जाने के बाद लापता हो गया। बागमती प्रांत में काठमांडू में एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है, जबकि ललितपुर के गोदावरी में दीवार गिरने से तीन लोग घायल हो गए, जबकि मकवानपुर में बिजली गिरने से एक की मौत हुई है।

# सीनियर मेंस इंटर-डिपार्टमेंट चैंपियनशिप: 5वें दिन एआईपीएससीबी, सीएजी, सर्विसेज, सीआईएसएफ, एफसीआई और एसएआई ने दर्ज की जीत



5वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष इंटर-डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप 2025 के पांचवें दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। जमशेदपुर स्थित नेवल टाटा हॉकी अकादमी आईएसडब्ल्यूपी मैदान में खेले गए मैचों में ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (AIPSCB), नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG), सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), भारतीय खाद्य निगम (FCI) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने अपने-अपने पूल मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

पहले मुकाबले में AIPSCB ने पंजाब नेशनल बैंक को 5-1 से पराजित किया। अरुण साहनी (9', 38') ने दो गोल दागे, जबकि अमन शर्मा (7'), हारिस मोहम्मद (23') और नवीन कुमार तिर्की (51') ने एक-एक गोल जोड़ा। पीएनबी के लिए गुरसिमरन सिंह (41') ने एकमात्र गोल किया।

CAG ने CRPF को 4-2 से हराया। भारत महालिंगप्पा कुर्तकोटी (3', 37') और खानपठान आमिद सरफराज (11', 42') ने दो-दो गोल दागे। सीआरपीएफ की ओर से लवजीत सिंह (14') और कप्तान सरोज एक्का (47') ने गोल किए।

पहले मैच में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने सेंट्रल सेक्रेटेरिएट को 2-1 से मात दी। सेंट्रल सेक्रेटेरिएट के तिरस के (2') ने शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन सर्विसेज ने सुखनाथ गुरिया (11') और मनीप केरकेट्टा (13') के गोल से वापसी की।

पूल सी के दूसरे मुकाबले में CISF ने स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड को 5-4 से हराया। योगराज सिंह (30', 51') ने दो गोल दागे, जबकि भीमा एक्का (10'), लोकेश बोरा (34') और नितिन (55') ने एक-एक गोल जोड़े। स्टील प्लांट के लिए सेम मुंडा (15', 59'), साइमन बोडरा (42') और दीपक सोरेंग (47') ने गोल किए।

FCI ने ITBP सेंट्रल हॉकी टीम को एकतरफा मुकाबले में 15-2 से शिकस्त दी। लैशराम दिपु सिंह (4', 33', 51', 52') और नितिन (19', 35', 40', 48') ने चार-चार गोल दागे। इसके अलावा प्रिक्शित पंचाल (22', 37'), परमवीर सिंह (36', 41'), ऋतिक कुजुर (22'), अख्तर अली (26') और मुनीश राणा (28') ने भी गोल किए। आईटीबीपी के लिए दिनचंद्र मोइरांगथेम (9') और रोशन (27') ने गोल किए।

दिन के अंतिम मुकाबले में SAI ने CBDT को 3-1 से हराया। एसएआई की ओर से मोहित कर्मा (30'), मनीष सहानी (33') और सचिन (55') ने गोल किए, जबकि सीबीडीटी के लिए नचप्पा आई.आर. (40') ने एकमात्र गोल दागा।

# 'कभी हार मत मानो' हेडबैंड के माध्यम से जर्मन एथलीट मार्ज़िलियर ने जताया आभार




**नई दिल्ली,** (हि.स.)।विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स 2025 में पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी के फर्राटा धावक मैक्स मार्ज़िलियर ने भारत की मेहमाननवाजी के प्रति अपने अनोखे और भावनात्मक अंदाज में आभार व्यक्त किया।

उन्होंने फाइनल रेस के दौरान सफेद रंग का हेडबैंड पहन रखा था, जिस पर केसरिया अक्षरों से हिंदी में लिखा था—"कभी हार मत मानो"। बैंड के ऊपर कमल का फूल भी बना था, जो बौद्ध धर्म, पवित्रता और दृढ़ता का प्रतीक है।

जापान के रयोटा फुकुनागा और बोत्सवाना के बोस मोकगवती को पछाड़ने वाले मार्ज़िलियर ने कहा, "भारत में हमारा स्वागत बेहद गर्मजोशी से किया गया। हिंदी में संदेश लिखकर माथे पर पहनना मेरे लिए इस देश के प्रति सम्मान और कृतज्ञता दिखाने का तरीका था।"

उन्होंने बताया कि यह विचार उनकी कोच और ओलंपिक पदक विजेता स्टेफी नेरियस से प्रेरित था, जो हर मेज़बान देश की भाषा में संदेश पहनने की परंपरा रखती थीं।

मार्ज़िलियर ने कहा कि हेडबैंड पर बना कमल का प्रतीक उनके लिए शालीनता और लचीलेपन का प्रतीक था, जो उनकी चोट से उबरने की यात्रा को दर्शाता है। रेस के निर्णायक क्षणों में जब जापान के फुकुनागा उनसे आगे थे, तभी उनके हेडबैंड पर लिखे शब्दों ने उन्हें हार न मानने की प्रेरणा दी। उन्होंने आखिरी मीटर में पूरी ताकत लगाई और मात्र 0.03 सेकंड के अंतर से स्वर्ण पदक जीत लिया। रेस के बाद भावुक मार्ज़िलियर ने कहा, "मेरे घुटनों में दर्द था और मैं हफ्तों तक ठीक से ट्रेनिंग नहीं कर पाया था। लेकिन 'कभी हार मत मानो' ने मुझे प्रेरित किया। भारत ने मुझे आत्मविश्वास दिया और यह स्वर्ण पदक मेरे लिए सम्मान, संस्कृति और भावना का प्रतीक बन गया।"

# रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने जीता सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। शिवाजी स्टेडियम में खेले गए 5वें हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने अपने नाम कर लिया है। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में रेलवे ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड को 5-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं, कांस्य पदक मुकाबले में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस को 4-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।




फाइनल मैच में रेलवे की ओर से नवनीत कौर (9', 21', 54') ने शानदार हैट्रिक लगाई। सलिमा टेटे (39') और संगीता कुमारी (52') ने भी एक-एक गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। इंडियन ऑयल की ओर से ज्योति (60') ने अंतिम मिनट में एकमात्र गोल किया और टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

कांस्य पदक के मुकाबले में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने दमदार प्रदर्शन किया। वरित्का रावत (16', 46') ने दो गोल दागे, जबकि कप्तान ऐश्वर्या चव्हाण (39') और प्रिनी कांदीर (41') ने एक-एक गोल किया। सीबीडीटी की ओर से वैश्नवी विठ्ठल फाल्के (44') ने एकमात्र गोल कर स्कोरबोर्ड पर नाम दर्ज कराया।

# डब्ल्यूपीएसी 2025 : पोलैंड की लंबी कूद खिलाड़ी करोलिना को मिला कांस्य पदक

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स (डब्ल्यूपीएसी) 2025 में रविवार को महिलाओं की लंबी कूद टी20 स्पर्धामें पोलैंड की करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दिग्गज करोलिना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा। पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में पोलिश एथलीट से पीछे रहने वाली ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और तुर्क्रिये की फातमा दामला अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता।




2011 में पदार्पण के बाद से करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का की किसी वैश्विक प्रतियोगिता में यह केवल तीसरी हार थी। उन्होंने चार विश्व चैंपियनशिप और तीन पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। हालांकि, उन्होंने कई बार 6 मीटर की छलांग लगाई है, लेकिन टखने की चोट के कारण उन्हें कांस्य पदक के लिए इस सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग से ही संतोष करना पड़ा।

**अपील जूरी ने फैसला पलट**

इस बीच रविवार सुबह अपील जूरी ने पहले के एक फैसले को पलट दिया और ब्राजीलियाई खिलाड़ी के चार अंक बहाल कर दिए। पॉलिनो डॉस सैंटोस थियागो ने पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता और भारत के सोमन राणा को कांस्य पदक मिला। फिनलैंड के तीजो कोप्पिका को पोडियम से बाहर कर दिया।

करोलिना ने कहा कि कांस्य पदक उन्हें स्वर्ण पदक जैसा लगा, क्योंकि वह अपने टखने की चोट से जूझ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह पसंद आया कि कैसे उन्होंने अपरिचित गर्मी और उमस में प्रतिस्पर्धा करने के बावजूद पोडियम पर बने रहने के लिए अंत तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा, "आज मुझे बहुत मजा आया। मैंने पोडियम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की।"

भारत के पदकों की संख्या 18 बनी हुई है, लेकिन अब उसके पास प्रत्येक रंग के छह पदक हैं और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# विश्व शिक्षक दिवस पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का विशेष संस्करण, केंद्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया करेंगे शिरकत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का विशेष संस्करण आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वे शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों के साथ साइकिल रैली का नेतृत्व करेंगे, जो स्वास्थ्य और सतत जीवनशैली के लिए एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है।




डॉ मांडविया ने कहा, "आइए, हम अपने गुरुओं को नमन करें, जो राष्ट्र का निर्माण करते हैं। इस विश्व शिक्षक दिवस पर हर नागरिक 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में शामिल होकर स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में संकल्प लें।"

कार्यक्रम में कई खिलाड़ी और फिटनेस आइकॉन भी हिस्सा लेंगे, जिनमें एशियाई चैम्पियनशिप 2025 में रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी और वूमन ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और भारतीय हॉकी टीम के सितारे अभिषेक नैण, तथा 'पुश-अप मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध रोहताश चौधरी शामिल होंगे।

करीब 1000 प्रतिभागी, जिनमें शिक्षा विभाग, केंद्रीय विद्यालय संगठन, लेडी श्रीराम कॉलेज और आम नागरिकों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, इस साइक्लिंग अभियान में भाग लेंगे।

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का यह संस्करण शिक्षकों को समर्पित है, जो नई पीढ़ी को दिशा देने के साथ-साथ 'एक घंटा रोज, खेल के साथ' के फिट इंडिया संदेश को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा।

# पीवीएल 2025 : अहमदाबाद डिफेंडर्स की शानदार वापसी, पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली तूफानों पर जीत

**हैदराबाद,** (हि.स.)। आरआर केबल प्राइम वॉलीबॉल लीग (स्कैपिया द्वारा संचालित) के रोमांचक मुकाबले में अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शनिवार को गाचीबौली इंडोर स्टेडियम में दो सेट से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली तूफानों को 3-2 से पराजित किया। स्कोरलाइन रही 13-15, 13-15, 15-13, 15-8, 18-16। शानदार प्रदर्शन के लिए अंगमुथु को "प्लेयर ऑफ द मैच" चुना गया।




मुकाबले की शुरुआत में दिल्ली तूफानों का खेल पूरी तरह हावी रहा। कप्तान और सेटर साक़लैन तारिक ने मिडिल अटैक का शानदार इस्तेमाल किया, वहीं जसीम की दमदार ब्लॉक्स और कार्लोस बेरियोस की तेज़ सर्व ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वेनेजुएला के अटैकर जीसस चौरियो ने दाईं ओर से लगातार स्मैश लगाते हुए अहमदाबाद की डिफेंस को कमजोर किया। अनु जेम्स के सहयोग से दिल्ली ने शुरुआती दो सेट आसानी से अपने नाम किए।

हालांकि तीसरे सेट से मुकाबले का रुख बदल गया। शॉन टी. जॉन के कोर्ट में उतरते ही अहमदाबाद ने नई ऊर्जा के साथ खेलना शुरू किया। उनके शानदार स्मैश और सुपर पॉइंट ने वापसी की नींव रखी। अभिनव की बैकलाइन पर एंट्री ने डिफेंस को मजबूती दी, जबकि अखिन की लगातार सफल ब्लॉक्स ने दिल्ली को रोक दिया।

निर्णायक पांचवें सेट में मुकाबला रोमांचक हो गया। बत्तूर बटसुरी के आक्रामक खेल ने अहमदाबाद को बढ़त दिलाई, जबकि दिल्ली ने भी पूरी ताकत झोंक दी। आखिर में अहमदाबाद ने धैर्य बनाए रखा और 18-16 से निर्णायक सेट जीत लिया।

इस जीत के साथ अहमदाबाद डिफेंडर्स ने न सिर्फ अंक तालिका में दो अहम अंक जोड़े बल्कि यह भी साबित किया कि प्राइम वॉलीबॉल लीग में अंतिम सीटी बजने तक कुछ भी संभव है।